शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 12, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 07 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत चावल सिर्फ 29 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा: पीयूष गोयल

नई दिल्ली
केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने आज मंगलवार को भारत नामक चावल से लदी 100 मोबाइल वैन रवाना किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता की जरूरतों के प्रति संवेदनशील हैं। उनकी निगरानी में ही आवश्यक वस्तुओं की कीमत पर नियंत्रण रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज से भारत चावल सिर्फ 29 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार किसानों के साथ-साथ देश के लोगों के कल्याण के लिए किसानों से आवश्यक वस्तुएं खरीदती है और जरूरत होने पर उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बेचती है। 'भारत' चावल की खुदरा बिक्री शुरू होने से बाजार में सस्ती दरों पर आपूर्ति बढ़ेगी और इसके कीमतों में निरंतर कमी लाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्रियों ने आज इस चावल की बिक्री 5 लाभार्थियों को 5 किलो के पैक देकर की। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक इस चावल की बिक्री भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ ही केंद्रीय भंडार के आउटलेट और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। भारत चावल 29 रुपये के किलो भाव पर 5 और 10 किलो पैक में उपलब्ध होगा। पहले चरण में सरकार ने खुदरा बाजार में बिक्री के लिए 5 लाख टन चावल आवंटित किया है।

पेपर लीक-चीटिंग पर 10 साल जेल

पब्लिक एग्जामिनेशन बिल लोकसभा से पास, अब राज्यसभा में भेजा जाएगा, 1 करोड़ रुपए लगेगा जुर्माना

नई दिल्ली
सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल करने पर आरोपियों को अधिकतम 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपए जुर्माना देना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने मंगलवार (6 फरवरी) को इन पर रोक लगाने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (गलत साधनों की रोकथाम) बिल पास कर दिया। अब इसे राज्यसभा में भेजा जाएगा। यह बिल कानून बनता है तो पुलिस को बिना किसी वारंट के संदिग्धों को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा। आरोपी को जमानत नहीं मिलेगी और इन अपराधों को समझौते से नहीं सुलझाया जा सकेगा। हालांकि प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले उन बच्चों को टारगेट नहीं किया जाएगा, जो जानबूझकर इसमें शामिल नहीं होते हैं। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने लोकसभा में बिल पेश करते हुए कहा- पब्लिक एग्जामिनेशन बिल में क्वेश्चन और आंसर सीट के लीक होने, डायरेक्ट या इनडायरेक्ट तरीके से कैंडिडेट का सहयोग करने जैसे अपराध शामिल किए गए हैं। इसके अलावा चीटिंग और गलत तरीके से पैसे कमाने के लिए फेक वेबसाइट बनाने, फर्जी एग्जाम्स कराने के लिए नकली एडमिट कार्ड या ऑफर लेटर जारी करने जैसे गैर-कानूनी काम को भी इस बिल में शामिल किया गया है।

बिल के दायरे में केंद्र सरकार से जुड़ी प्रतियोगी परीक्षाएं
बिल कानून का रूप ले लेता है तो यूपीएससी, एससी, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग, नीट-मेडिकल और इंजीनियरिंग समेत कई परीक्षाएं इसके दायरे में रहेंगी। ये बिल 10वीं या 12वीं की परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा। इसके साथ ही ये राज्यों की परीक्षाओं पर भी लागू नहीं होगा, क्योंकि कई राज्यों में नकल को लेकर अपने कानून हैं।

जम्मू-कश्मीर के स्थानीय भाषा के कारण कतिपय परीक्षार्थियों के साथ भेदभाव होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) एवं अन्य परीक्षाओं को देश की 13 भाषाओं में आयोजित कराना शुरू किया है। प्रयास है कि आगे आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भारतीय भाषाओं में भर्ती परीक्षाएं आयोजित कराई जाएंगी।

बिल के मुताबिक, दोषियों से परीक्षा का पूरा खर्चा वसूला जाएगा। उसकी संपत्ति भी जब्त की जा सकती है। इस कानून के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग भर्ती एवं राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाएं आएंगी।

चुनावों में आरक्षण पर चर्चा हुई
इसके पहले संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन यानी मंगलवार को सदन की कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के

संपत्ति भी जब्त की जा सकती है

कौन से दायरे में नहीं आएंगे विद्यार्थी

विद्यार्थी एवं अभ्यर्थी इसके दायरे में नहीं आएंगे और न ही किसी का उत्पीड़न होगा। उन्होंने इसे बेटे-बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी और राजनीति से ऊपर बताया। इस कानून के तहत उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी, जो परीक्षा की पारदर्शी प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करेंगे। कदाचार के कारण परीक्षा रद्द होने की स्थिति में दोबारा परीक्षा लेने की समय-सीमा तय करने के कुछ सदस्यों की सलाह पर केंद्रीय मंत्री जीतेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे मामलों में सीबीआई जांच या अन्य प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। इसलिए सीमा-सीमा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास परीक्षार्थियों के हित में होगा। विद्यार्थियों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रतिभा एवं परिश्रम के आधार पर उन्हें मौके मिलने चाहिए।

कितनी होगी सजा?
विधेयक में कहा गया है कि अगर परीक्षा सेवा प्रदाता सहित कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह संगठित अपराध का दोषी पाया जाता है, तो उसे कम से कम पांच साल की कैद होगी जिसे दस साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा दोषी पर कम से कम 1 करोड़ का जुमार्ना लगाया जाएगा।

क्या कहती है नई शिक्षा नीति?
नई शिक्षा नीति के तहत उन्हें हर तरह के विषय पढ़ने और करियर के विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने डीएमके सांसद कथिर आनंद के उस बयान को खारिज कर दिया गया।

परीक्षार्थियों को कानून से अलग रखा गया

परीक्षार्थियों को इस कानून से अलग रखा गया है। परीक्षाओं में कदाचार को स्पष्ट करते हुए विधेयक में कहा गया है कि प्रश्नपत्र या उत्तर कुंजी को लीक करना, परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अभ्यर्थी की सहायता करना एवं कंप्यूटर नेटवर्क, संसाधन एवं सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना अपराध माना जाएगा।

इसी तरह का व्यवहार किसी व्यक्ति, समूह या संस्थानों द्वारा किए जाने को कदाचार की श्रेणी में रखा गया है।

दोषियों से परीक्षा का पूरा खर्चा वसूला जाएगा
बिल के मुताबिक, दोषियों से परीक्षा का पूरा खर्चा वसूला जाएगा। उसकी संपत्ति भी जब्त की जा सकती है।

इस कानून के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग भर्ती एवं राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाएं आएंगी। लोकसभा में संबंधित विधेयक पर मंगलवार को हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता लाने के उद्देश्य से यह विधेयक लाया गया है।

भारत में टीबी उन्मूलन की रफ्तार विश्व की तुलना में दोगुनी: डॉ मांडविया

नई दिल्ली
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने मंगलवार को 37वीं स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड बैठक को संबोधित किया। इस मौके पर मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत टीबी के खात्मे की दिशा में विश्व से दो गुनी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व में टीबी की घटनाओं में 8.7 प्रतिशत की कमी देखी जा रही है, जबकि भारत में 16 प्रतिशत की कमी की रफ्तार से टीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह विश्व की गति से लगभग दोगुनी रफ्तार है। इस मौके पर डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत में छुपे हुए टीबी के मामलों की संख्या 2015 में 10 लाख से घटकर 2023 में 2.6 लाख रह गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की। शाह ने आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी।

सरकार महंगाई रोकने के लिए उठा रही है कदम: निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार की ओर से कई कदम उठाए हैं। इसके परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। सीतारमण ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि प्याज की कीमतों में अस्थिरता पर नियंत्रण के लिए सरकार ने इसके बफर स्टॉक आकार को वित्त वर्ष 2020-21 के एक लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2023-24 में 7 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 3 फरवरी, 2024 तक कुल 6.32 एलएमटी प्याज की खरीद की गई थी जबकि 3.96 एलएमटी ग्रेड-ए प्याज खुदरा बिक्री, ई-एनएएम नीलामी और थोक बिक्री के माध्यम से जारी किए गए। सीतारमण ने प्रश्नकाल के दौरान सवाल का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर 5 और दस रुपये सीमा शुल्क नवंबर, 2021 में घटाया। मई, 2022 में आठ और छह रुपये प्रति लीटर का सीमा शुल्क घटाया है। राज्य सरकारें अपने करों में कटौती नहीं करती हैं तो निश्चित रूप से आम लोगों को मुश्किल होगी। सीतारमण ने कहा कि भारत ने कैलेंडर वर्ष 2023 में 8.79 लाख मीट्रिक टन अरहर दाल और 15.14 लाख मीट्रिक टन मसूर दाल का आयात किया है।

हरदा ब्लास्ट: ऐसा लगा कि भूकंप आया, मजिस्ट्रेट भी कोर्ट छोड़ बाहर निकल गए

हरदा
मध्य प्रदेश के हरदा जिले में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। मगरधा रोड किनारे बनी पटाखा फैक्ट्री मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि इसने फैक्ट्री के आसपास कई घरों को भी अपने चपेट में ले लिया है। आग में झुलसने के कारण अभी तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 100 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार सुबह कर करीब 11:30 बजे तेज विस्फोट हो गया। धमाके के बाद फैक्ट्री नष्ट हो गई। आसपास के घरों में आग के कारण तेज तपन महसूस की गई। कई घर इसकी जद में भी आ गए। करीब एक घंटे तक फैक्ट्री से धमाकों की आवाज आती रही। इस घटना के वक्त फैक्ट्री में करीब 500 लोग काम कर रहे थे। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, घटना से लोग दहशत में आ गए और बड़ा बाजार से लेकर नारायण टाकीज चौराहा तक का पूरा बाजार बंद हो गया। कई घरों को खाली कराया गया है। बचाव अभियान के लिए सेना की मदद ली जा रही है। न्यायालय में सुनवाई कर रहे मजिस्ट्रेट भी कोर्ट छोड़ बाहर निकाल गए थे। पहले लोगों ने सोचा कि गैस सिलेंडर के गोदाम में आग लग गई, लेकिन जब ताबड़तोड़ धमाके सुनाई दिए तो खौफ मच गया।

एक चश्मदीद के मुताबिक, धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि कान के पर्दे फटने का डर लगने लगा था। घायलों की मदद के लिए कई लोग खुद ही रक्तदान करने जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। धमाकों की आवाज करीब 40 किमी तक सुनाई दे रही थी। फैक्ट्री मालिक राजू अग्रवाल की जिस फैक्ट्री में ये भीषण धमका हुआ है, ये उसकी मुख्य फैक्ट्री थी। इसके अलावा तीन से चार अन्य स्थानों पर पटाखे का निर्माण किया जाता है। यहां कई बार प्रशासन की टीम ने जांच की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

आप नेता संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की मिली दोबारा अनुमति

नई दिल्ली
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की दोबारा अनुमति दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। संजय सिंह को कोर्ट ने 05 फरवरी को राज्यसभा जाकर शपथ लेने की अनुमति दी थी लेकिन राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका शपथ नहीं हो सका। संजय सिंह ने राज्यसभा जाकर शपथ लेने की दोबारा अर्जी दाखिल की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। कोर्ट ने संजय सिंह को पुलिस हिरासत में 8 या 9 फरवरी को राज्यसभा जाकर शपथ लेने की अनुमति दी।

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 दिसंबर 2023 को संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया संजय सिंह मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीधे-सीधे या परोक्ष रूप से शामिल हो सकते हैं। जो तथ्य रिकॉर्ड पर रखे गए हैं उससे कोर्ट को ये मानने के लिए पर्याप्त है कि संजय सिंह मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 2.34 लाख से अधिक लगाए गए स्वास्थ्य शिविर

नई दिल्ली
विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 2.34 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। इन शिविरों में कुल दर्शकों की संख्या 7.22 करोड़ से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन शिविरों में 2.78 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके साथ 3.85 करोड़ से अधिक लोगों की टीबी के लिए जांच की गई और 11.80 लाख से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। सिकल सेल रोग के लिए 42.30 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और लगभग 71,000 लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफर किया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत, अब तक ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में आयोजित 2,34,259 स्वास्थ्य शिविरों में संचयी आगंतुक 7,22,69,014 तक पहुंच गए हैं।

स्वदेशी एलसीए 'तेजस' एमके-1ए फाइटर जेट इसी माह भरेगा पहली उड़ान

नई दिल्ली
भारतीय वायु सेना इस महीने तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों का पहला बैच प्राप्त करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है। तेजस की पहली स्क्वाड्रन 01 अप्रैल तक भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के नाल हवाई अड्डे पर बीकानेर एयरबेस में बनाने की तैयारी है। भारतीय वायु सेना के लिए आठ वर्षों में कुल 180 तेजस विमानों का उत्पादन किया जाना है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है।

वायु सेना की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये जा रहे एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये जाने का खुलासा किया गया है। एचएएल के मुताबिक अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी 'उत्तम' राडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के राडार सिग्नल को बाधित करेगा। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से यह सुधार काफी महत्वपूर्ण है।

तेजस एमके-1ए में एक नया डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) होगा, जो इसकी चपलता और कंप्यूटिंग शक्ति को बढ़ावा देगा। नया डीएफसीसी पावरवीसी आर्किटेक्चर का उपयोग करेगा, जिससे इसे हवा में ज्यादा समय तक बनाए रखना आसान हो जाएगा। विमान में लगा राडार चेतावनी रिसीवर (आरडब्ल्यूआर) दुश्मन के विमानों को ट्रैक और पहचान करेगा। यह रिसीवर पायलट को आने वाली मिसाइलों या रडार लॉक के बारे में चेतावनी देगा और दुश्मन के राडार को जाम करने के लिए सेल्फ-प्रोटेक्शन जैमर को सक्रिय करेगा।

तेजस एमके-1ए में युद्ध के लिए नजदीकी, बीवीआर और लंबी दूरी की बीवीआर बेहतर मिसाइलें होंगी। इसमें हवा से जमीन पर हमला करने के लिए 500 किलोग्राम एलजीबी और बिना गाइड वाले बम भी होंगे। तेजस एमके-1ए की रखरखाव क्षमता में सुधार करने के लिहाज से लाइन रिप्लेसेबल यूनिट्स (एलआरयू) और नए एलआरयू को लगाया गया है।

युवकों की मौत से भरहरा गांव में सनसनी

थाना कौंधियारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भरहरा के पास 02 शव मिलने के सम्बन्ध में श्रद्धा नरेंद्र पांडे पुलिस उपायुक्त यमुनानगर घटनास्थल पहुंचे

अखंड भारत संदेश

कौंधियारा। थाना क्षेत्र के भरहरा गांव में संजय पुत्र राजेंद्र भारतीया उम्र 17 वर्ष, संदीप पुत्र संगम लाल भारतीया उम्र 16 वर्ष की लाश गांव के बाहर नहर किनारे पुआल के ढेर में पाई गई है । बताया जाता है कि दोनों किशोर एक ही परिवार के हैं और आपस में चचेरे भाई हैं । बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह उनका शव देखने के बाद परिजनों ने पुलिस को बताया । कौंधियारा पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । पुलिस और फॉरेंसिक टीम हत्या के कारणों की जांच में लगी हुई है । बताया जाता है कि युवकों के मुंह से झांक निकल रहा था । इसलिए अंदेशा है कि किसी ने उन्हें जहरीला पदार्थ धोखे से खिलाकर मार डाला । कौंधियारा की पुलिस अभी भी किसी भी निर्णय पर नहीं पहुंच पाई है । कुछ लोग कह रहे हैं कि दोनों ठंड के कारण जान गवा बैठे हैं ।जबकि दबी जुबान से कुछ लोग कह रहे हैं कि इनका गांव के ही किसी महिला के साथ अवैध संबंध था । इसलिए मिला करके किसी ने उन्हें जहर देकर मार डाला फिलहाल मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है जो जांच के बाद ही पता लग पाएगा।

चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगा हनुमान जी की मूर्ति!

थप्पड़ जड़ने वाले दरोगा के प्रति ग्रामीणों में गुस्सा बरकरार

उतरांव। सराय ममरेज थाना क्षेत्र के गोपालीपुर कुटिया गांव में 2 फरवरी की रात में रखी गई हनुमान जी की मूर्ति को अराजक तत्वों द्वारा गायब कर दिया गया था तथा वहां लगे बैनर झंडा को पास के कुएं में फेंक दिया गया था। वही ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरी हुई मूर्ति देने का आश्वासन भी दिया। लेकिन चार दिन बीत गए अभी तक हनुमान जी की मूर्ति का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस द्वारा एक बुजुर्ग से थप्पड़ मारने का आरोप भी पीड़ित व ग्रामीणों ने लगाया था।जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।गोपालीपुर थाना सराय ममरेज में कुटिया के नाम से एक भूखंड है। जिस पर पुश्तैनी रूप से साधु संत रहते चले आ रहे हैं। इसी साधु की कुटिया के नाम से गांव का नाम कुटिया पड़ा है। बताया जाता है कि यह भूखंड गोपालीपुर गांव में पड़ता है। इस कुटिया पर गांव के लोग रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को हनुमान जी की मूर्ति रखकर धूमधाम से प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया था। यह बात गोपालीपुर गांव के कुछ अराजक तत्वों को नागवार गुजरा और हनुमान मूर्ति को 2 फरवरी की रात में गायब कर दिया तथा बैनर झंडा को पास के कुएं में फेंक दिया। वहीं पूजा पाठ करने वाले ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर 24 घंटे के भीतर चोरी हुई मूर्ति को देने का वादा किया। वही चार दिन बीत गए लेकिन अभी तक पुलिस की निष्क्रियता से हनुमान जी की मूर्ति नहीं मिल सकी तथा ग्रामीणों द्वारा एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को थप्पड़ मारने का दरोगा पर आरोप भी लगाया है।जिसकी शिकायत भी की है। चार दिन बाद भी मूर्ति ना मिलने पर मंगलवार को ग्रामीणों ने हाथ उठाकर प्रदर्शन करते हुए जल्द से जल्द कुटिया में मूर्ति रखे जाने की मांग की। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए शांति व्यवस्था व निर्माण न करने की बात कही।

सहसों में एक दिन की बारिश से सड़क पर जल जमाव एवं कीचड़ से राहगीर परेशान

अखंड भारत संदेश

सहसों। प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर सहसों राम जानकी मंदिर के सामने तथा मुख्य बाजार में जल भराव एवं कीचड़ हो जाने से राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। राजमार्ग के बगल में जल निकासी के लिए बनाई गई पक्की नाली में कूड़ा कचरा जमा हो जाने के कारण नालियां चौक हो गई हैं। नालियों की सफाई न होने के कारण वर्षा के जल के साथ साथ घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी राजमार्ग एवं बाजार के मुख्य मार्ग पर जमा हो जाता है। जिससे बाजार में खरीदारी के लिए ग्राहक , बैंक में लेनदेन करने के लिए खाता धारक, स्कूलों में पढ़ने के लिए आते जाते छोटे बड़े बच्चों सहित आम जनमानस को भारी कठिनाइयों हो रही है। जिसकी वजह से पैदल चलना भी दूभर हो गया है। बाजार स्थित शिवाजी इंटरमीडिएट कॉलेज के सामने से मीरापुर जाने वाली मार्ग लगभग 500 मीटर तो अति दयनीय हो गई है इस मार्ग पर तो बरसात छोड़िए हमेशा पानी एवं कीचड़ से मार्ग भरा रहता है। स्थिति यह है कि पैदल , बाइक एवं साइकिल से चलना राहगीरों तथा वासिंदों के लिए कठिन हो रहा है। स्थानी दुकानदारों एवं ग्राम वासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं संबंधित ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के अधिकारियों को अवगत कराया गया फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे स्थानीय व्यापारियों को दुकानदारों लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट एक गंभीर रूप से घायल

सहसों। सराय इनायत थाना के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के जगबंधन पुर गांव में जमीन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोग चोटिल हुए तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगबंधनपुर गांव में लक्ष्मण आदि तथा सुभाष आदि के बीच जमीन को लेकर सोमवार को सायंकाल जमीन को लेकर विवाद हुआ गया तथा विवाद जोर पकड़ने पर ईंट पत्थर, लाठी डंडे चलने से कई लोग घायल हो गए। एक पक्ष के लक्ष्मण, जीत लाल, हरी लाल, मोहनलाल, मुकुंद लाल, राधा देवी, सुमन देवी तथा दूसरे पक्ष के सुभाष, मनीष, सुशीला, आशीष, वीरेंद्र आदि के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें राधा देवी तथा मुकुंद लाल भारतीय गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। प्रकरण में लक्ष्मण ने सराय इनायत थाना पहुंच पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

बीएड एवं बीएससी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मिला स्मार्टफोन

करछना। के सावित्री देवी महिला महाविद्यालय सोनाई में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बी.एस.सी एवं बी.एड. के उत्तीर्ण छात्र व छात्राओं में मंगलवार को स्मार्टफोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन प्राप्त कर के विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वही छात्र व छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना सहित स्वागत गीत भी प्रस्तुत किए गए। स्मार्टफोन वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी मौजूद रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र व छात्राओं में वितरित किए जा रहे स्मार्टफोन के द्वारा युवाओं में तकनीकी दक्षता बढ़ेगी । युवाओं के ऊपर ही देश का दारोमदार है। जिसे शिक्षा द्वारा ही पूरा किया जा सकता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक ज्ञान सिंह पटेल ने स्मार्टफोन के सही इस्तेमाल किए जाने की विद्यार्थियों से अपील भी की। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन से विद्यार्थियों में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन आस्मानंद सिंह ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समीर श्रीवास्तव की ओर से अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। व अंग वस्त्रम भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया । साथ ही साथ सभी के प्रति आभार भी जताया गया । इस मौके पर आर के श्रीवास्तव ,डॉ अरविंद कुमार मौर्य , डॉ सरोज कुमार सिंह, संदीप कुमार पटेल ,शिवेंद्र सिंह, रवि सिंह पटेल, शिवम प्रजापति , विनोद श्रीवास्तव ,ज्योति प्रजापति, सुमन मिश्र, सुशील कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह ,महेंद्र कुमार कुशवाहा ,आंचल सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

रहस्यमय ढंग से गायब किशोरी का आज तक नही लगा सुराग!

मऊआइमा। पचीस दिन पूर्व घर से बाहर गयी किशोरी का आज तक कोई पता नहीं चला। गायब किशोरी की माता ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मऊदोस्तपुर निवासनीय एक महिला का कहना है कि उसकी चौदह वर्षीय पुत्री आठ जनवरी को दस बजे घर से निकली परन्तु आज तक वापस नहीं लौटी। गायब किशोरी की तलाश में परिजन जुटे रहे न मिलने से किसी अनहोनी से सहमे हुए किशोरी की माता ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

कुमकुम देवी अविस्मरणीय ट्रस्ट द्वारा आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण

जंघई। श्रीराम जानकी मंदिर जंघई प्रांगण में गुरुवार को सुबह 8 बजे से 4 बजे तक कुमकुम देवी अविस्मरणीय ट्रस्ट मधईपुर का पूरा, जंघई द्वारा 50 वर्ष के उपर के लोगों की आंखों की जांच करके निः शुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक रविंद्र नाथ मिश्रा ने दिया है।

टोंस नदी के अवैध बालू खनन वाले घाटों पर पुलिस ने की कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

कौंधियारा। टोंस नदी में लगातार हो रहे बालू के अवैध खनन की शिकायत मिलने के बाद जहां संक्रिय हुई पुलिस के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए जहां सभी अवैध खनन के घाटों को खुदवाया गया। अगर देखा जाए तो खीरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत धधुआं, पिपरांव, पिपरहटा, रेंगा, कोटर, खरका,झडियाही घाट पर बालू खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन करते हुए जहां सरकारी राजस्व को भी क्षति पहुंचाई जा रही थी। टोंस नदी में हो रहे इस अवैध खनन की शिकायत जब स्थानी लोगों के द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त से की गई तो लोगों के द्वारा की गई शिकायतों को ध्यान में रखते हुए सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा के निर्देश पर थाना प्रभारी खीरी आशीष कुमार सिंह के द्वारा जहां पुलिस टीम के साथ बालू के अवैध खनन घाटों को खुदवाया गया। लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही अवैध खनन करने वाले लोग जहां मौके से भाग निकले। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से बालू का अवैध खनन करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। जबकि इस संदर्भ में एसीपी कौंधियारा विवेक कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि अवैध खनन करने वालों पर निरंतर कार्रवाई की जाएगी।

ईशा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

फूलपुर। ईशा पब्लिक स्कूल बाबूगंज का वार्षिक उत्सव बुधवार को विद्यालय परिसर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रिय विधायक प्रवीण पटेल होंगे। वार्षिकोत्सव में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ ही विद्यालय के अभिवावक मौजूद रहेंगे। ईशा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजय पाल ने वार्षिकोत्सव में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

8 फरवरी को सामूहिक विवाह का आयोजन

मांडा। ब्लॉक क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र जोड़ों से आवेदन लिए जा रहे हैं। 8 फरवरी को बभनी हेठार स्थित प्रेमा रिसार्ट गेस्ट हाउस में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी समाज कल्याण अधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि प्रति जोड़ा 51 हजार रुपये की मदद राशि दी जाएगी। जिसमें 35 हजार खाते में, छह हजार की विवाह तैयारी, शेष पैसे का सामान दिया जाएगा। वही बीडीओ अमित मिश्रा ने बैठक करके सभी प्रधानों और सचिवों को निर्देशित किया कि पात्र जोड़ों का आवेदन कराएं। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके।

असेसमेंट टेस्ट में उत्तीर्ण बच्चे प्रमाण पत्र पाकर हुए खुश

सहसों। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निपुण असेसमेंट टेस्ट में हर ब्लॉकों से हर ग्राम सभा के उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिभाग करते उत्तीर्ण बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इसी प्रकार विकास खण्ड सहसों के उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय थानापुर में सोमवार को निपुण असेसमेंट टेस्ट के परीक्षा फल प्रमाण पत्र बच्चों को वितरित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका गिरिजा देवी ने बताया कि टेस्ट में कुल 84 बच्चों मे से 62 बच्चे ए श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। टेस्ट के उपरांत प्रधानाध्यापिका गिरिजा देवी एवं प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुधा सिंह ने मेधावी एवं सफल बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ पाठ्य सामग्री प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका ने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि प्रतिदिन बच्चों को समय पर विद्यालय भेजें तथा उनके शिक्षण कार्य का अवलोकन अवश्य करें। ताकि उनकी शिक्षा की प्रगति का पता चल सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनीता सिंह, प्रियंका पांडे, आरती, गायत्री, राम सुमेर यादव, उर्मिला, अमीना खातून, रूपनारायण यादव, जोखू राम यादव, प्रतिमा यादव एवं रेखा देवी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

शिव इंटरमीडिएट कालेज कटहरा में आयोजित हुआ रामोत्सव सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर। शिव इंटरमीडिएट कॉलेज कटहरा प्रांगण में रामोत्सव सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी धनूपुर प्रभाशंकर पांडेय एवं खंड शिक्षा अधिकारी हंडिया प्रदीप कुमार सिंह के सानिध्य में सामान्य ज्ञान और रामायण पर प्रतियोगियों से प्रश्नों के माध्यम से प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। मुख्य वक्ताओं में प्रभा शंकर पांडेय ने बच्चों को रामचरितमानस के माध्यम से अपने आचरण और अनुशासन से सफल होने की युक्तियों को बताया तथा प्रदीप सिंह ने सामान्य ज्ञान के द्वारा अपने उद्देश्य को पूर्ण करने की महत्वपूर्ण भूमिका से बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ सुयोग पांडेय ने भगवान राम, लक्ष्मण और भरतजी के चरित्र के द्वारा बच्चों में अनुशासन और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रतियोगता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान सुमित दीप प्रजापति, द्वितीय स्थान अर्पित मिश्रा, तृतीय स्थान नगमा ने प्राप्त किया तथा जूनियर वर्ग में आशिका यादव ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान शिल्पा तथा तृतीय स्थान ओम यादव को प्राप्त हुआ कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश शंखधर ने किया। प्रतियोगिता के दौरान रामानुज, लालगीतेश्वर राजीव रंजन, सत्यनारायण, धर्मेंद्र मिश्रा, संतोष राय, शरद, नीरज, किशन सिंह, सुधीर, राधे मोहन, शिवभान संजय, महेश, चंद्रभान, अनुराग शुक्ला, इंद्रेश, इंद्रभान सहित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधान पंकज राव की दादी का हुआ निधन घर में मातम

मेजा। विकास खंड मेजा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुनई गहरपुर के प्रधान पंकज राव की दादी श्रीमती शान्ति देवी का लम्बी बीमारी के बाद सोमवार शाम को निधन हो गया। मंगलवार को सुबह नरवर चौकठा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती शान्ति देवी का भरा पूरा परिवार है जिसमें पति सहित दो पुत्र, चार पौत्र और एक प्रपौत्र हैं और पूरे परिवार में मातम है। उक्त जानकारी भाजपा नेता संजय तिवारी द्वारा दी गयी।

दुर्गेश तिवारी निर्वाचन अधिकारी मनोनीत

मेजा। बार एसोसिएशन मेजा की तहसील सभागार में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष सतीश चंद्र दुबे की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की एक बैठक हुई, जिसमें बार काउंसिल द्वारा जारी दिशा निर्देश पर चर्चा हुई। बार काउंसिल के दिशा निर्देश के अनुपालन में चुनाव पर विस्तार से वार्ता करते हुए दुर्गेश तिवारी को सर्व सम्मति से निर्वाचन अधिकारी मनोनित किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि बार के अध्यक्ष/मंत्री को निर्देशित किया गया कि वह दो दिन के अंदर बार के सदस्यों की सूची एल्डर कमेटी को सौंप दें जिससे चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। एक सवाल के जवाब में नव नियुक्त निर्वाचन अधिकारी दुर्गेश तिवारी ने कहा कि सदस्यों की सूची मिलने के बाद 15 से 20 दिन के अंदर पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव करा दिया जायेगा।

महिलाओं को मारा पीटा गया पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा के छाता बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर कतिपय लोगों ने महिलाओं को मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता बाजार निवासनीय कुसुम गुप्ता पुत्री सहादेव गुप्ता का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे और उसके घर की कमला देवी,नीलम को मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। कुसुम गुप्ता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी पुलिस तहरीर के आधार पर गांव के ही शिवपूजन गुप्ता,लकी गुप्ता, संगीता,रेनू गुप्ता,पिंकी गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

उत्पीड़न के खिलाफ सड़क पर उतरे कचहरी के अधिवक्ता सड़क जाम कर नारेबाजी, मनाने में जुटे अधिकारी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उत्पीड़न के खिलाफ अधिवक्ताओं का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। कमिश्नरी पुलिस के खिलाफ कचहरी के अधिवक्ता सड़क पर उतर गए और चक्काजाम कर दिया। तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए और अधिवक्ताओं को मनाने में जुट गए। वकीलों का आरोप है कि जिले भर में पुलिस अधिवक्ताओं को अपमानित कर रही है। कमिश्नर सुनवाई नहीं कर रहे हैं। मामले को लेकर वकील सोमवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। चेतावनी दी गई थी कि अगर पुलिस कमिश्नर ने वकीलों से मिलकर उनकी समस्या नहीं सुनी तो वह मंगलवार को आंदोलन करेंगे। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र उर्फ रज्जू ने बताया कि जिले भर से बार को सूचना मिल रही है कि मुवक्किलों के मुकदमों की पैरवी को लेकर कमिश्नरेट पुलिस लगातार वकीलों के खिलाफ झूठे मुकदमें लगा रही है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने शाम को वार्ता का समय दिया था, लेकिन देर शाम तक मुलाकत का बुलावा नही आया। मंगलवार सुबह तक पुलिस कमिश्नर की ओर से सुबह तक वार्ता के संबध में कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने आंदोलन शुरू कर दिया है।

रेलवे ट्रैक पर दो टुकड़ों में मिला अधेड़ महिला का शव

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के जगतपुर पुराना पौधशाला के पास रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ महिला का दो टुकड़ों में शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जगतपुर पुराना पौधशाला के पास रेलवे ट्रैक पर मंगलवार को दोपहर लगभग 11:00 बजे के करीब एक अधेड़ महिला जो आसमानी रंग की साड़ी पहनी हुई थी जिसका रेलवे ट्रैक पर दो टुकड़ों में स्थानीय लोगों ने शव देखा तो फौरन पुलिस को सूचना दी।सूचना पर उप निरीक्षक महेश चंद्र निषाद मय फोर्स पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने महिला के शव को शिनाख्त का भरपूर प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। फिर हाल उतराव पुलिस महिला के शिनाख्त के लिए हर प्रयास में जुटी हुई है।

वसूली अभियान-कटरा व अल्लापुर में वसूली

प्रयागराज। नगर विकास विभाग उ0प्र0शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में नगर निगम प्रयागराज द्वारा गृहकर वसूली अभियान का नेतृत्व कर रहे मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी की वसूली टीम द्वारा आज दिनांक 06 फरवरी 2024 को कई प्रस्तावित भवनों के बडे.बकायेदारों/भवन स्वामियों के भवन पर कुर्की की कार्यवाही की गयी। जोनल कार्यालय कटरा के अन्तर्गत 06 बडे.बकायेदारों के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही करते हुए 06 भवन स्वामियों द्वारा भुगतान करते हुए रू0-11.00 लाख गृहकर मद में जमा कराया गया। जोनल कार्यालय अल्लापुर क्षेत्र में वसूली टीम द्वारा गृहकर मद में सभी 14 बडे.बकायेदारो से वसूली के दौरान कुल धनराशि रू0-03.39 लाख प्राप्त हुआ। इस प्रकार जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-14.39 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूलयावी की गयी।कार्यवाही के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी०के०द्विवेदी के नेतृत्व में कर अधीक्षक कटरा श्रीमती मोनिका रस्तोगी व राजस्व निरीक्षक कमलेश पाण्डेय, कर अधीक्षक अल्लापुर झम्मन सिंह व राजस्व निरीक्षक के साथ में नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।

आठवीं तक के स्कूल के समय में बदलाव:प्रयागराज के बीएसए का आदेश

प्रयागराज। मौसम में सुधार होने के चलते कक्षा एक से आठवीं तक के स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। (बेशिक शिक्षा अधिकारी) प्रवीण कुमार तिवारी की ओर से इसका आदेश भी जारी कर दिया गया है। बीएसए ने बताया कि भीषण ठंड और कोहरे को देखते हुए प्रयागराज के कक्षा एक से आठवीं तक के सभी परिषदीय व समस्त बोर्ड के विद्यालयों का संचालन सुबह 10 बजे से तीन बजे तक निर्धारित किया गया था। अब मौसम में सुधार होने के बाद फिर समय में बदलावा कर दिया गया है।बीएसए ने बताया कि अब सभी विद्यालय सुबह नौ बजे से तीन बजे तक संचालित होंगे। उन्होंने शिक्षक व अन्य स्टाफ से समय से विद्यालय पहुंचने का निर्देश भी दिया है।

वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर वॉरियर से एषा सिंह हुई सम्मानित

प्रयागराज। राष्ट्रीय स्टार पर आयोजित भारत सरकार और यूनेस्को द्वारा समर्थित वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवार्ड कार्यक्रम में जल संरक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए सोमवार को नई दिल्ली में एक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा एषा सिंह, जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) प्रयागराज को वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवार्ड से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में अनुम्पा मधोक सुध डायरेक्टर एंड एडिटर वाटर डाइजेस्टश्री ए बी पांडे, प्रधान संपादक और टिम कर्टिस, निदेशक, यूनेस्को, नई दिल्ली कार्यक्रम में उपस्थित रहे 'यह पुरस्कार जल क्षेत्र में महिला योगदानकर्ता की श्रेणी में उन्हे सर्वश्रेष्ठ कार्य करने हेतु दिया गया है । पिछली कई वर्षो से निरंतर सामाजिक कार्य में अपना योगदान देने वाली एषा सिंह ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की नमामि गंगे परियोजना के अंर्तगत गंगा सरंक्षण हेतु विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम कराए जिसमें मुख्य रूप से गंगा किनारे गांवों के युवाओं को गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु चौपल, प्रभात फेरी,नुक्कड़ नाटक, विभिन्न स्कूलों में प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं, गंगा आरती , श्रमदान आदि रहे।जिला गंगा समिति के पर्यावरण संबंधित महत्वपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित कर लोगों को गंगा स्वच्छता में सक्रिय योगदान करने हेतु प्रेरित करने का सरहनीय प्रयास किया है । एषा सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्व में राज्य स्तर पर माननीय मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गंगा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

जारी में शहनाई के बाद दो घरों में मातम

प्रयागराज। कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में दो अलग-अलग व्यापारियों के घरों में मंगलवार को बेटियों की विदाई के दौरान ही हुई मौतों के बाद माहौल मातम में बदल गया। बताया जाता है कि जारी बाजार में नींबू लाल केशरवानी के घर में उनके भाई रामबाबू केसरवानी की बेटी मऊआईमा में एक गेस्ट हाउस से हो रही थी । वहीं सारे लोग गए थे रात में शादी समारोह समाप्त होने के बाद एक स्कूटी से उनके चचेरे भाई नींबू लाल के बेटे और एक ममेरा और चचेरा भाई साथ में आ रहे थे। सोराव हाईवे पर एक्सीडेंट हो गया। जिसमें तीनों बुरी तरह घायल हो गए थोड़ी देर में प्रदीप केसरवानी की मौत हो गई और उनके एक ममेरे भाई और एक चचेरे भाई बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें सोरांव पुलिस द्वारा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि इसकी खबर मिलते ही मातम छा गया। हालांकि यह परिवार पहले दिल्ली में रहता था जहां मृतक के पिता नेबुलाल का पहले ही दिल्ली में एक्सीडेंट हो गया था और अभी घूरपुर बाजार में अपनी मां के साथ रहते हैं। इसी क्रम में दूसरी घटना राजेंद्र केसरवानी के यहां हुई। मंगलवार को बेटी की विदाई होने के बाद ही एक महिला अनूप केशरवानी की पत्नी आरती की आकस्मिक मौत हो गई। इस तरह दो अलग-अलग शादियों वाले घरों में उल्लास की जगह मातम छा गया।

सीडीओ ने की अध्यक्षता में मतदाता पंजीकरण एवं स्वीप कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में मतदाता पंजीकरण एवं स्वीप कार्यक्रम की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायतों में खुली बैठक कर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्रान्तर्गत विद्यालयों में नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए कहा है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को सभी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों से समन्वय बनाने तथा निर्वाचन सम्बंधी जो भी अपडेट आ रहा है, उससे उन्हें अवगत कराते रहने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए ऐसे मतदाता जो मतदान करने के प्रति उदासीन रहते है, उन्हें मतदान करने के प्रति प्रेरित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, सभी एसडीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं स्वीप के सदस्यगण सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर शिकंजा

प्रयागराज। ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ने के आज मंगलवार को विशेष अभियान चलाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में प्रयागराज स्टेशन पर किलाबंदी कर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 73 यात्रियों से जुमार्ना के रूप में 38,095 वसूले गए।इसी क्रम में ट्रेन संख्या 15483, 18101, 12815, 12308 व 12506 गाड़ियों में किलाबंदी कर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 43 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा गया और जुमार्ना स्वरूप 25,235/- रुपये वसूल किए गए वहीं दूसरी तरफ अन्य केसों में 30 लोंगो को पकड़ कर उनसे करीब 12 हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया गया। इस पूरे अभियान में कुल 05 ट्रेनों को चेक किया गया। रेलवे सुरक्षा बल से सहायक इंस्पेक्टर नरेश कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक केबी काला एवं कमर्शियल इंस्पेक्टर अमित सागर सहित अन्य चेकिंग स्टाफ मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

अशोक ध्यानचंद का हुआ जोरदार स्वागत

झूंसी। रेलवे ग्राउंड झूंसी में मंगलवार को हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के पुत्र अशोक ध्यानचंद का हॉकी खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत किया। अशोक ध्यानचंद ने हॉकी ओलंपियन किसी विशेष कार्यक्रम के लिए प्रयागराज आये है। इस अवसर पर विजय ग्रुप ऑफ झूंसी हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों ने अशोक ध्यानचंद हॉकी ओलंपियन का स्वागत अभिनंदन किया। अशोक ध्यानचंद ने कहा की प्रयागराज हमारे पिताजी का मूल निवास है यहां पर आकर हमें और ज्यादा खुशी होती है। इसी मौके पर अशोक ध्यानचंद ने बच्चों को हॉकी की बारीकियां भी बताई एवं अपने पिता मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हॉकी प्रशिक्षक विजय सिंह, समाजसेवी रजनीश चतुवेर्दी, अश्वनी श्रीवास्तव, दीपू ,साहिल, अंबुज पांडे आदि मौजूद रहे।

व्यासजी के तहखाने में पूजा शुरू करने के आदेश के मामले में हुई सुनवाई, सात फरवरी मिली अगली तारीख

प्रयागराज। वाराणसी के ज्ञानवापी मामले को लेकर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें इंतजामिया मसाजिद के वकील सैयद फरमान नकवी ने 2 फरवरी को हुई अपनी बहस को आगे बढ़ाते हुए मुस्लिम पक्ष की तरफ से व्यास जी के तहखाने में पूजा-अर्चना शुरू किए जाने के आदेश को चुनौती दी गई है। इसके अलावा जिला जज के वाराणसी के डीएम को व्यास जी के तहखाना का रिसीवर नियुक्त किए जाने के आदेश को भी चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ में दोपहर बाद से संशोधित अर्जी पर सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई कल यानी बुधवार को होगी।

वंदे भारत ट्रेन में फ्री में मिलेगी पानी की बोतल

प्रयागराज। अब वंदे भारत ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। यदि आप वंदे भारत ट्रेन में सफर कर रहे हैं तो रेलवे की ओर से आपको मुफ्त रेल नीर का बोतल दिया जाएगा। प्रत्येक यात्री को 500 मिलीलीटर रेल नीर का बोतल मुहैया कराया जाएगा। इस संबंध में रेलवे और आईआरसीटीसी को निर्देश जारी किए गए हैं।

मोबाइल की दुकान में लाखों की चोरी मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा के किरांव चौराहे पर मोबाइल की दुकान का ताला तोड कर लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने आठ दिन बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक सईदउद्दीन उर्फ मातादीन किरांव निवासी गोविन्द कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय नागेन्द्र प्रसाद चौराहे पर मोबाइल की दुकान किए हुए हैं। बताया गया कि विगत 8 जनवरी को दुकान का ताला तोड कर चोरों ने सैकड़ों, मोबाइल ,प्रिंटर आदि नगदी सहित लाखों की चोरी कर ले गए। मऊआइमा पुलिस सोमवार को देर रात अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली है। आरोप है कि जब पुलिस चोरी की घटनाओं का पदार्फाश नहीं कर पाती तो मुकदमा दर्ज कर लेती है। आरोप है कि विवेचना में चोरी की घटनाओं को झूठा करार दे दिया जाता है।

अग्नि सुरक्षा की समीक्षा की और सभी फायरकर्मियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रयागराज। माघ मेला क्षेत्र में बने फायर स्टेशन पर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आवास सेवा उत्तर प्रदेश अविनाश चंद्र के द्वारा सभी फायर स्टेशन प्रभारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी फायरकर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।बता दें कि मंगलवार को माघ मेला क्षेत्र में अविनाश चंद्र महानिदेशक अग्निशमन एवम आपात सेवा उत्तर प्रदेश द्वारा सभी फायर स्टेशन प्रभारी की मीटिंग लिए और अग्नि सुरक्षा की समीक्षा किए जिसमें डीआईजी माघ मेला डॉ राजीव नारायन मिश्रा, सीएफओ डॉ आर के पांडेय, सीएफओ माघ मेला सुभाष चौधरी उपस्थित रहे। इसके पश्चात अग्नि सुरक्षा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किए और शाम को फायर स्टेशन सिविल लाइन में होटल व्यवसाई, चिकित्सक, औद्योगिक प्रतिष्ठान के स्वामी, एनजीओ पदाधिकारियों की मीटिंग लिए। अग्नि सुरक्षा के उपाय बताए और अपने संस्थान का इलैक्ट्रिक सेफ्टी आडिट कराने हेतु निर्देशित किए, और अग्नि सुरक्षा व्यवस्था कार्यशील रखने हेतु निर्देशित किए। वहीं पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा अविनाश चंद्र ने माघ मेला में स्थापित फायर स्टेशनों का निरीक्षण किया। माघ मेला में आधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सभी प्रभारी अग्निशमन अधिकारियों से समीक्षा बैठक और आगामी मुख्य स्नान पर्वों की तैयारी की समीक्षा अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली अग्नि रोकथाम हेतु सतत सघन अभियान चलाते हुए सभी को जागरूक किए जाने के निर्देश दिये गये।

महिला के साथ जोर जबरदस्ती विरोध करने पर पैर तोड़ा

झूंसी। थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत में गई महिला के साथ गांव के ही कुछ लोगो जोर जबरदस्ती करने लगे। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने सरिया से मारकर महिला का पैर तोड़ दिया। जिससे आक्रोशित लोगों जम कर हंगामा किया। पुलिस ने दो नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ संगीत धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगी है। बताया जाता है कि सोमवार की शाम एक महिला खेत पर चारा लेने गई हुई थी वहां पहले से ही घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने महिला को खेत मे खींच लिया और उसके साथ दुराचार का प्रयास करने लगे और एक युवक वीडियो बनाने लगा। महिला शोर मचाने लगी तो राड से मार कर महिला का पैर भी तोड़ दिया। पीड़िता बेहोश हो गई तो उसे खेत में ही छोड़कर आरोपी भाग निकले वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने महिला को बेहोशी की हालत में अर्धनक पड़ा देखा तो उसके घर पर सूचना दी मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बेहोशी की हालत में महिला को सड़क पर लेटा कर हंगामा करने लगे तभी मौके पर एंबुलेंस व पुलिस भी आ गई किसी तरह सभी को समझा बूझकर शांत कराया। वहीं चर्चा है कि खेत में जानवर जाने की वजह से महिला के साथ मारपीट की गई जिसमें उसका बाया पैर टूट गया।

कार्यालय नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी

पंत्राक -618/ न0पं0अ0/निविदा सूच0/रा0वि0आ0/2023-24 दिनांक 06.02.2024

नगर पंचायत अझुवा जनपद कौशाम्बी में समस्त पंजीकृत/नवीनीकृत/अन्य फर्मो एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त मासिक धन से निर्माण/मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 07/02/2024 से 27.02.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य नगद कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करें और 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 निविदा के साथ संलग्न कर उसी दिन दिनांक 27.02.2024 को दोपहर 12.00 तक कार्यालय में रखे शील बाक्स में डाला जाना अनिवाय्र है। सभी निविदाओं को उसी दिन दिनांक 27/02/2024 को अपराहन 03.00 बजे अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष के समक्ष नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में खोली जायेगीं। यदि निविदा खुलने के दिन कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अझुवा के पदनाम से बंधक ही मान्य होगी। 10 रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र देना होगा कि आपके विरूद्ध कोई अभियोग या कही ब्लैक लिस्ट तो नही है। कार्य प्रारम्भ के पूर्व निर्धारित 100 रू0 के स्टाम्प पर नियमत अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार/फर्म के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य/लायी गयी सामग्री के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति/दुर्घटना के लिए नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी जिम्मेदार नही होगी। इसके लिए समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार/फर्म की होगी। जी0एस0टी0 नम्बर, हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार/फर्म द्वारा टेण्डर आगणन दर से कम पर डाला जाता है तो संयुक्त सचिव उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी, 2022 के द्वारा जारी पत्र का अनुपालन करना अनिवार्य होगा जो बिलों रेट होन पर निष्पादन सुरक्षा (Performance Security) जमा करने सम्बन्धित है। किसी भी कार्य का भुगतान सक्षम स्तर से सत्यापन के पश्चात ही किया जायेगा। इस योजना से कराये जाने वाले कार्यो का भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। निविदा डालने से पूर्व समस्त नियम/शर्तो को भली-भाँति कार्यालय से जानकारी कर लें, किसी भी त्रुटि के लिए निकाय जिम्मेदार नही होगी। समस्त अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सम्बन्धी पूर्ण एवं विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र एवं सभी शर्तो का प्रपत्र आदि की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत अझुवा के लेखा लिपिक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

कराये जाने वाले निर्माण कार्यो का विवरण

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित	धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत (FDR/NSC नगद)	निविदा मूल्य GST सहित (नगद/RTGS)	कार्य पूर्ण करने का समय	मद का नाम
1.	वार्ड नं. 3 धुमाई मार्ग के पास एक नग रिफलेक्टिग साईन बार्ड मरम्मत का कार्य।	241664.00	20480.00	649.00	31 मार्च 2024	राज्य वित्त आयोग
2.	वार्ड नं. 7 टांडा मार्ग के पास एक नग रिफलेक्टिग साईन बार्ड मरम्मत का कार्य।	241664.00	20480.00	649.00	31 मार्च 2024	राज्य वित्त आयोग
3.	वार्ड नं. 3 भैरम बाबा मार्ग के पास एक नग रिफलेक्टिग साईन बार्ड मरम्मत का कार्य।	241664.00	20480.00	649.00	31 मार्च 2024	राज्य वित्त आयोग
4.	वार्ड नं. 12 ट्रेडी चौरहा के पास एक नग रिफलेक्टिग साईन बार्ड मरम्मत का कार्य।	241664.00	20480.00	649.00	31 मार्च 2024	राज्य वित्त आयोग
5.	वार्ड नं. 11 में रैन बसेरा की प्रथम मंजिल छत का सिड़ी घर का निर्माण कार्य।	493569.00	49357.00	944.00	31 मार्च 2024	राज्य वित्त आयोग
6.	वार्ड नं. 11 में रैन बसेरा की फस्ट फ्लोर (प्रथम मंजिल) में कार्यालय उपयोग हेतु कक्ष का निर्माण कार्य।	919294.00	91930.00	1416.00	31 मार्च 2024	राज्य वित्त आयोग

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अझुवा
कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पंचायत अझुवा
कौशाम्बी

भाजपा सरकार के अन्याय के खिलाफ निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा: नीलांशू

कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव नीलांशू चतुवेर्दी का हुआ नगर में आगमन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राहुल गांधी के कार्यालय से आए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के इंचार्ज सुशांत मिश्रा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव नीलांशू चतुवेर्दी के प्रतापगढ़ प्रथम नगर आगमन पर नगर के एक होटल में उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर, नारेबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया गया।

कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव नीलांशू चतुवेर्दी का स्वागत करते कांग्रेसी।

उनके साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, प्रदेश संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव/प्रभारी प्रतापगढ़ विवेकानन्द पाठक, प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी, प्रदेश सचिव/सह-प्रभारी प्रतापगढ़ करम चन्द्र बिंद का प्रतापगढ़ पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया।इस दौरान भारत जोड़ो न्याय यात्राके इंचार्ज सुशांत मिश्रा ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा भाजपा सरकार के अन्याय के खिलाफ यह यात्रा मणिपुर से चलकर प्रतापगढ़ होकर मुम्बई तक जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रस्तावित रूट लगभग तय कर लिया गया है।राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुवेर्दी ने कहा कि यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा भाजपा सरकार के अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ निकाली गई एक न्याय यात्रा है।प्रदेश महासचिव/प्रभारी प्रतापगढ़ विवेकानन्द पाठक ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में थोउबल, मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूवात हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं नगर अध्यक्ष इरफान अली ने संयुक्त रुप से कहा कि राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्राप्रतापगढ़ पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। स्वागत में मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी, सदस्य पी. सी.सी प्रशान्त देव शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वी.के. सिंह, कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला,संजय इस्तियाक, देवमणि पाण्डेय, मोनू मिश्रा, नूर आलम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

आधा दर्जन ठेले पर सब्जी बेंचने वालों का हुआ चालान

कम्पनी गार्डेन के पास इसके पहले भी हटाये जा चुके हैं सब्जी विक्रेता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के कम्पनी गार्डेन व अम्बेडकर चैराहे के बीच ठेलों पर बेंच रहे सब्जी विक्रेताओं पर एडीएम त्रिभुवन नाथ विश्वकर्मा की निगाह पड़ी। एडीएम के निर्देश पर नगर पालिका के कर्मचारी कम्पनी गार्डेन पहुंच गये। इससे भगदड़ मच गई। कुछ सब्जी विक्रेता तो अपना ठेला लेकर भाग निकले लेकिन छह ठेलेवालों को नगर पालिका कर्मचारियों ने पकड़कर उनसे 1300 रुपये का जुमार्ना वसूला। बता दें कि यहां बहुत पहले सब्जी मण्डी लगती थी लेकिन जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर यहां की सब्जी मण्डी सगरा ढलान पर स्थानांतरित कर दी गई है और दहिलामऊ होते हुए गायघाट जाने का मार्ग सुगम हो गया था लेकिन कुछ दुकानदार जबरन यहां ठेला लगाकर सब्जी बेंचते हैं। जिस पर नगर पालिका ने आज फिर कार्यवाही की।

ठेलेवाले का जुमार्ना काटते नगर पालिका कर्मचारी।

सीआईटी को दी गई भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सेवा से रिटायर हुए मुख्य टिकट निरीक्षक, सीआईटी केके सिंह को मंगलवार को उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा की तरफ से समारोह आयोजित कर साथियों ने भावभीनी विदाई दी। विदाई के समय केके सिंह भावुक हो गए। इस मौके पर स्टाफ की ओर से उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सीआईटी रवि भूषण सिन्हा ने की। संचालन शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खान ने किया। इस मौके पर शाखा मंत्री धर्मेंद्र दुबे,पूर्व सीआईटी आरबी मिश्रा, एमए हक, शमीम, प्रदीप शर्मा, राजेश सिन्हा, जितेंद्र पांडे, आरपी सिंह, अब्दुल रशीद, यासिर समेत चेकिंग स्टाफ मौजूद था।

दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के थाना रानीगंज के उ0नि0 सीताराम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर केस नं0 497/12 धारा, 363, 366 भादवि थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त लाल बहादुर पुत्र रामहरष नि0ग्राम रामनगर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना देल्हूपुर के उ0नि0 उमाशंकर सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 204/16 धारा, 138बी विद्युत अधिनियम थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त हरीश सिंह पुत्र स्व0 भगौती बक्श सिंह नि0ग्राम कुशफरा थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास मुर्गी फार्म से गिरफ्तार किया गया।

परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने लगी हाईस्कूल व इंटर की पुस्तिकाएं

आज पट्टी व रानीगंज तहसीलों के परीक्षा केन्द्रों पर भेजी गई उत्तर पुस्तिकाएं

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 22 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा के लिये उत्तर पुस्तिकाएं अब जिले के परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने लगी है। शहर के राजकीय इंटर कालेज से इसका वितरण किया जा रहा है।

इन उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण 5 फरवरी से शुरू हुआ। आज दूसरे दिन पट्टी व रानीगंज तहसील के परीक्षा केन्द्रों के लोग आकर राजकीय इंटर कालेज से उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त किये। बताया जाता है कि परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं को भी सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिये गये हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार नकल रोकने के लिये सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। इसी क्रम में उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण व इसके उपयोग में सावधानी बरती जा रही है। उत्तर पुस्तिकाओं का दो-दो तहसीलों के हिसाब से वितरण किया जा रहा है। आशा है कि आगामी दो दिनों में हाईस्कूल व इंटर की सभी उत्तर पुस्तिकाएं जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच जाएंगी।

जीआईसी में उत्तर पुस्तिका लेने के लिये लगी भीड़।

सुपर सीडर द्वारा बुवाई से गेहूँ के साथ-साथ करें अवशेष प्रबंधन

25 किसानों ने बुवाई प्रदर्शन में की सहभागिता

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। राजा दिनेश सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जनपद के किसानों को खाद्यान्न फसलों को सुदृढ़ करने हेतु गेहूं की फसल में धान अवशेषों का समुचित प्रयोग को ध्यान में रखते हुए, सुपर सीडर यंत्र द्वारा बुवाई का प्रदर्शन विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के कस्बालतीफपुर गॉव में किया गया, जिसमें गेहूं की फसल की बायोफोर्टिफाइड प्रजाति करन वंदना (डीबीडब्ल्यू-187) के अंग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का आयोजन 25 किसानों के यहाँ किया गया है।

इस तकनीकी के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए आओ देखकर सीखें कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रक्षेत्र भ्रमण का आयोजन गाँव के प्रदर्शन वाले खेत में किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के शस्य वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार सिंह ने किसानों को बताया कि गेहूं की फसल में इस तकनीक के द्वारा किसान कम लागत में फसल अवशेष के साथ बुवाई कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते है, यह प्रजाति अन्य प्रजातियों की तुलना में आयरन से भरपूर है और अधिक उत्पादन देने में भी सक्षम है। केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डा. अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि इस फसल-अवशेष प्रबंधन तकनीक के प्रयोग से किसान भाई कटाई में लिए जाने वाले व्यय और बुवाई के समय प्रयोग की जाने वाली डीएपी के प्रयोग को कम करके अपनी लागत में कमी कर सकते है। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक महेंद्र प्रताप ने किसानों को इस तकनीक के प्रयोग के लिए किसानों की सराहना की और बताया कि आने वाला समय अब इसी तकनीक का है और इसके लिए किसान भाई तैयार रहे, जिससे उनको अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। फसल की वर्तमान अवस्था को देखकर कृषक और वैज्ञानिक गण इसकी सफलता के लिए आशातीत है। इस अवसर पर गॉव के मंगल, वीरेंद्र कुमार, प्रियम, मेवालाल, बिहारी लाल, राम किशोर, चंदा देवी इत्यादि प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

खेत में बुआई प्रदर्शन के दौरान मौजूद किसानगण।

जीजीआईसी में छात्राओं को करियर काउंसिलिंग के लिये दिये गये टिप्स

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य के नेतृत्व एवं डॉ मोहम्मद अनीस के संयोजन में करियर काउंसलिंग के लिए डॉ प्रदीप कुमार व्याख्याता रसायन एवं देवेंद्र श्रीवास्तव पॉलिटेक्निक डिप्लोमा रोजगार के अवसर के बारे में छात्राओं की करियर काउंसलिंग करने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज चिलबिला प्रतापगढ़ से आए और उन्होंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलिटेक्निक 2024 के बारे में विस्तार पूर्वक छात्राओं को बतायाद्य साथ ही साथ इंजीनियरिंग फामेर्सी एवं कंप्यूटर आधारित पाठ्यक्रम के बारे में भी बताया साथ ही साथ सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक कंप्यूटर साइंस इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी इंस्ट्रूमेंटेशन, केमिकल इंजीनियरिंग एवं प्लास्टिक मेड सूचना टेक्नोलॉजी, डेरी टेक्सटाइल्स ग्लास सेरेमिक प्रिंटिंगटेक्नोलॉजी, होटल मैनेजमेंट,आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग डिजाइन,फैशन डिजाइनर फामेर्सी,एयरक्राफ्ट एवं हेलीकॉप्टर इंजीनियरिंग, ऑफिस मैनेजमेंट, लाइब्रेरी साइंस आदि रोजगार के अवसर के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया और छात्राओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

घर में घुसकर मारपीट व धमकी को लेकर पांच पर केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। घर में घुसकर मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नेकनामपुर निवासी रामबक्श के पुत्र पारस कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर तीन फरवरी की सुबह गांव के उमाशंकर व उनकी पत्नी तथा अजय उर्फ नान्हू, संजय पुत्र रामअंजोर एवं धर्मेन्द्र पटेल पुत्र शिवलाल निवासी जगदीशपुर उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपियो ने गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर पीड़िता व उसके परिवार के लोगों को जमकर मारा-पीटा और कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीडित का यह भी आरोप है कि मारपीट के आरोपी पीड़ित पर घर में घुसकर मारपीट करने का मनगढ़न्त झूठा आरोप भी लगा रहे हैं। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि घटना की जांच के बाद उमाशंकर समेत पांच लोगों के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट व जानलेवा धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

कार में लदा हुआ 103 किलो गांजा बरामद, एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना मानिकपुर से प्रभारी निरीक्षक जयचन्द्र भारती मय हमराह व0उ0नि0 शत्रुघन वर्मा, उ0नि0 जिलेदार पाल द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र मानिकपुर से कार सर्विसिंग की दुकान, वृहद ग्राम भड़चक के पास से एककार फोर्ड फीगो से एक अभियुक्त मनोज यादव पुत्र नन्दलाल नि0ग्राम बजहाभीट थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ के पास से 103.09 किलो ग्राम (100 अदद पैकेट) अवैध गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 26 लाख रुपये) बरामद किया गया।

उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 30/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि जो व्यक्ति मौके से भागा है, वह नि0 मन्दीपुर न0पं0 मानिकपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ है, यह गाड़ी उसी की है जो उनकी पत्नी के नाम है, इस गाड़ी में गांजा लदा हुआ है, इस गाड़ी का उपयोग गांजा खरीदने व बेचने के काम में प्रयोग करते हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जयचन्द्र भारती मय हमराह व0उ0नि0 शत्रुघन वर्मा, उ0नि0 जिलेदार पाल, आरक्षी घनश्याम प्रसाद आरक्षी हरेन्द्र सिंह, आरक्षी काशी राजभर, आरक्षी जयनारायण, म0आरक्षी किरन बिन्द थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की पिटाई, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ ससुराल के लोगों द्वारा मारपीट व प्रताड़ना पर पीड़िता ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के मनुहार गांव के सुशील पटेल की पत्नी उषा पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रोजी रोजगार को लेकर उसका पति जनपद से बाहर रहता है। वह यहां ससुराल में अपने बेटे के साथ रहती है। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर सास ननद समेत ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करते हुए मारते पीटते हैं। आरोपियों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

पीड़िता ने पुलिस महानिदेशक से लगायी न्याय की गुहार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर महिला को जमकर मारापीटा व घरेलू सामानों में तोडफोड करते हुए उसके गले की चेन भी छीन लिया। घटना को लेकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई। दबंगों से भयभीत पीड़िता ने पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगायी है। लीलापुर थाना अन्तर्गत कटैया नेवादा गांव की श्यामा सिंह पत्नी स्व. राजकरन सिंह ने पुलिस महानिदेशक लखनऊ को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि दो फरवरी की शाम करीब चार बजे वह अपने घर के सामने सफाई कर रही थी। आरोप है कि इसी बीच अपने दो साथियों के साथ गांव के दो लोग वहां पहुंचे और गाली देते हुए हमलावर हो उठे। जान बचाने के लिए पीड़िता घर में घुस गयी तो आरोपियो ने घर में घुसकर लाठी डण्डे से उसे जमकर मारापीटा तथा उसके गले की सोने की चेन भी छीन ली। पीड़िता के शोर मचाने पर बचाव में उसके पुत्र व गांव के लोगों को जुटता देख आरोपीगण ऐलानियां जानलेवा धमकी देते भाग निकले। घटना को लेकर पीडिता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन जांच के नाम पर पुलिस हीलाहवाली कर रही है। परेशान पीडिता ने पुलिस महानिदेशक से न्याय की गुहार लगायी है।

मंदिर का पुजारी न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहा

परियावां, प्रतापगढ़। जिले के हथिगवा थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध संकट संकट मोंचन आश्रम पर आगजनी करने वाले नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से पीडित पुजारी दर दर भटकता न्याय पाने के लिए लगा रहा है।

बता दें कि थाना हथिगवां अन्तर्गत ग्राम सभा मिश्रदयालपुर हनुमान नगर गांव स्थित प्राचीन प्रसिद्ध सिद्ध संकट मोंचन धाम हनुमान मन्दिर के पुजारी तपस्वी महात्मा बालयोगी महराज के आश्रम आवास पर 26 जनवरी की

आश्रम मे आग लगाने वाले आरोपी खुलेआम घूम रहे

मध्य रात लगभग 2 बजे गांव के दबग पड़ोसियों ने रंजिश के चलते पुजारी व उसके परिवार को जान से मार डालने की नीयत से जलनशील पदार्थ डालकर आश्रम मे आग लगा दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही हथिगवा पुलिस मौके पर पहुँची तब तक आश्रम की पूरी साम्रागी जलकर खाक हो गया था। घटना की पीडित पक्ष ने पुलिस को नामजद दो आरोपियों के खिलाफ तहरीर दिया पुलिस ने दो आरोपी में से एक आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन एक सप्ताह से अधिक दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक नामजद आरोपी को गिरफ्तार नही कर सकी जिससे आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित पुजारी परिवार को जान से मार देने की धमकी दे रहे है और सरेआम घूम रहे है। जिससे पीडित परिवार डरा व सहमा हुआ है।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन आज

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर में 7 फरवरी बुधवार को 10.30 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपरान्ह तक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें मानसिक रोगियों का निःशुल्क ईलाज किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी कालाकाकर चिकित्सक अधीक्षक डॉ मनोज कुमार वर्मा ने मानसिक रोगियों को शिविर में पहुंचने की अपील की है।

भगवान श्रीकृष्ण व रूक्मणी के विवाह की कथा सुन दर्शक हुए भावविभोर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत पुतईपुर सरबाजपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भागवत कथा प्रसंग में रूक्मणी विवाह की कथा सुनाते हुए कथाव्यास इंदिरा रमणाचार्य ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रूक्मणी के साथ सम्पन्न हुआ। भगवान ने यह विवाह रूक्मणी का हरण करके किया था।

कुएं में उतराया मिला वृद्ध का शव, जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के अलीपुर चुर्री चैराहा स्थित एक कुएं में मंगलवार को दोपहर एक शव उतराया देख हडकंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों के सहयोग से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की शिनाख्त राजा का पुरवा जमालपुर निवासी पैंसठ वर्षीय वृद्ध के रूप में हुई है। पुलिस शव को पीएम के लिए भेजकर घटना की जांच कर रही है। लालगंज कोतवाली के राजा का पुरवा जमालपुर निवासी सुन्दर लाल कोरी 65 की पत्नी व पुत्री की मौत पहले ही हो चुकी है। वह घर पर अकेले रहता था। उसके भतीजे रामदुलारे व अमरनाथ का कहना है कि छब्बीस जनवरी से तीन दिन पूर्व वह बहन के घर एवं कानपुर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इधर मंगलवार को दोपहर कुएं में शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो उसकी शिनाख्त सुंदरलाल कोरी के रूप में होते ही परिवार के लोग आवाक रह गये। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि जांच में अभी तक किसी से कोई रंजिश की बात सामने नही आयी है। शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया गया है।

अनुरक्षण कार्य को लेकर दों दिन आपूर्ति रहेगी बाधित

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। उपखंड अधिकारी मानिकपुर राहुल बैश्य व जेई ओसामा सिद्दीकी की जारी सूचना के अनुसारकुण्डा से संचालित 33 के० वी० मेन लाइन पर 7 फरवरी 2024 व 8 फरवरी 2024 को अपरान्ह 12 बजे से सायंकाल 5 बजे तक अनुरक्षण कार्य को लेकर बिजली आपूर्ति उक्त समय तक बाधित रहेगी। उपरोक्त समयावधि में निम्नलिखित विद्युत उपकेन्द्रों व सम्बंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 33/11 के०वी० उपकेन्द्र मानिकपुर,33/11 के०वी० उपकेन्द्र चैकापार पुर व 33/11 के०वी० उपकेन्द्र कालाकांकर सेसम्बंधित क्षेत्र के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील है कि अपने सभी आवश्यक कार्य विद्युत आपूर्ति काल में पूर्ण कर लें।

भैस चोरी की शिकायत थाने में

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के पूरेबोध राम गांव के कृष्णानंद पांडे की भैंस 2 फरवरी को चोरी हो गई थी। कृष्णानंद पांडे का कहना है कि भैंस चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस मामले को लेकर गंभीर नहीं दिख रही। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस भैंस चोर को ढूंढने में नाकाम रही है। ऐसे में दुखी किसान ने पट्टी कोतवाल को प्रार्थना पत्र देकर भैंस चोरों को पकड़ने और भैंस ढूढने का निवेदन किया है।

तमंचा लहराते दबंगों ने दी जानलेवा धमकी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। तमंचा लहराते पीड़ित के दरवाजे पर आकर गालीगलौज व जानलेवा धमकी के आरोप को लेकर पीडित ने पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थानान्तर्गत छोटी कटेहटी निवासी सूर्यभान वर्मा पुत्र नाथूराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे भैंसना गांव के दो लोग अपाचे बाइक से उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोप है कि दबंगों ने तमंचा लहराते हुए पीड़ित को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीडित का यह भी आरोप है कि उक्त आरोपित आये दिन धमकी देते रहते हैं जिससे वह और उसका परिवार डरा सहमा हुआ है। घटना को लेकर गांव के लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया। पीडित ने घटना की शिकायत थाने पर की तो आरोपियो ने अपने दर्जन भर से अधिक साथियों के साथ उसके घर जाकर फिर जानलेवा धमकी दी। प्रभारी एसओ राजेश शुक्ला का कहना है कि मामले में तहरीर मिली है।

निर्वाचन निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दिए निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में प्रभारी/ सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ की बैठक

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा उदयन सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में नामित प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामित सभी प्रभारी अधिकारियों/सहायक प्रभारी अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सौंपे गये दायित्यों एवं कार्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट तथा माइक्रो आब्जर्वर को भी नामित करने के निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि निर्वाचन से सम्बन्धित सभी टेन्डर समय से कर लिया जाय तथा आवश्यक सामग्री की उपलब्धता भी सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्हांने एआरटीओ को आवश्यकतानुसार वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्हांने सभी उप जिलाधिकारियां, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों से कहा कि 15 फरवरी 2024 तक सभी बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं/कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने बताया कि मतदान कार्मिकों का फीडिंग कार्य लगभग 99 प्रतिशत पूर्ण हो गया है, शेष कार्मिकों का फीडिंग कार्य आज पूर्ण हों जायेंगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी अपर जिलाधिकारी गण अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी को मतदान/मतगणना कार्मिक/माइक्रो आब्जर्वर/जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट/व्यवस्था का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। इसी प्रकार अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 हरवंश सिंह को ई0वी0एम व्यवस्था का प्रभारी तथा उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट को यातायात व्यवस्था/सेक्टर/रूटचार्ट का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला विकास अधिकारी श्री विजय कुमार को सामान्य प्रशिक्षण/ईवीएम प्रशिक्षण का प्रभारी एवं बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी राजकुमार को निर्वाचन सामग्री/ लेखन सामग्री व्यवस्था का प्रभारी तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा को मॉडल कोड ऑफ कन्डक्ट एवं एमसीसी वाइलेशन का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। वरिष्ठ कोषाधिकारी विनय कुमार प्रजापति को निर्वाचन व्यय लेखा का प्रभारी एवं अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 हरवंश सिंह प्रेक्षक व्यवस्था का प्रभारी तथा अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा को लॉ एण्ड आर्डर सिक्योरिटी प्लॉन का प्रभारी नामित किया गया है। अधिशासी अभियंता जल निगम जयपाल सिंह व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी श्री राजकुमार को बैलेट पेपर व्यवस्था का प्रभारी तथा जिला सूचना अधिकारी रवि कुमार जायसवाल को मीडिया एवं पेड न्यूज एमसीएमसी का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार यादव को आईटी कम्प्यूटराइजेशन व्यवस्था का प्रभारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को स्वीप का प्रभारी तथा अधिशासी अभियंता सिचाई जगदीश लाल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता को हेल्प लाइन/शिकायत निस्तारण कन्ट्रोल रूम का प्रभारी नामित किया गया है। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार यादव को एसएमएस मॉनीटरिंग एण्ड कम्यूनिकेशन प्लॉन/ डैशबोर्ड का प्रभारी तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी राजकुमार को पोस्टल बैलेट पेपर व्यवस्था का प्रभारी एवं उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह को निर्वाचन योजना बुकलेट डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेण्ट प्लॉन व सांख्यकीय सूचना का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुषेन्द्र कुमार को चिकित्सा व्यवस्था का प्रभारी तथा उपायुक्त रोजगार श्री मनोज कुमार वर्मा व जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी को वीडियोग्राफी व्यवस्था एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार को वेब कास्टिंग एवं सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। पीडी डीआरडीए मनोज कुमार वर्मा एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार को सुनिश्चित मूलभूत सुविधा व्यवस्था का प्रभारी तथा अपर जिलाधिकारी श्री अरूण कुमार गोंड व अपर पुलिस अधीक्षक

अशोक कुमार वर्मा को बल्नरेबिल एवं क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन चिन्हीकरण का प्रभारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास वर्मा को पर्सन विथ डिसबिलिटी का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के उप जिलाधिकारी/(निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) को निर्वाचक नामावली की कार्यप्रतियॉ तैयार करने का प्रभारी एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार को सफाई, पेयजल व श्रमिक व्यवस्था का अधिकारी नामित किया गया है। अधिशासी अभियंता लोनिवि हरवंश सिंह व अधिशासी अभियंता विद्युत अंकित कुमार को टेन्ट, फर्नीचर, बैरीकेडिंग व प्रकाश व्यवस्था का प्रभारी तथा अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 हरवंश सिंह को स्ट्रॉग रूम व्यवस्था का प्रभारी एवं अधिशासी अभियंता सिंचाई जगदीश लाल को सी-विजिल का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया हैं। असिस्टेन्ट कमिश्नर व्यापार कर योगेश बोहारे को टेलिविजन व्यवस्था का प्रभारी तथा जिलापूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी को खान-पान व्यवस्था का प्रभारी एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 निर्वाचक नामावली की सत्यापित प्रति जारी करने का प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है।

अवैध कब्जे को लेकर गरजा किसान यूनियन

ईओ पर सांठ - गांठ कर जमीन कब्जा करवाने का लगा आरोप

कौशाम्बी। जिले के पश्चिम शरीरा क्षेत्र में दबंगों द्वारा गांव की नवीन परती जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट मंगलवार के दिन ब्लाक अध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में पूरब पश्चिम शरीरा नगर पंचायत ईओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गया। किसानों का आरोप है कि नगर पंचायत ईओ दबंगो से मिलीभगत कर कब्जा करवाना चाहते हैं।धरना प्रदर्शन की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर धरना खत्म कराने का प्रयास किया लेकिन किसान यूनियन के लोग दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर अड़े रहे।मामले की जानकारी दूरभाष से उच्चाधिकारियों को दी गई। एसडीएम द्वारा कार्यवाही के आश्वासन के बाद डीएम को संबोधित एक ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त किया। जानकारी के मुताबिक ग्राम सभा टेहरी नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा में आता है जिसका गाटा संख्या 3653 नवीन परती है जिस पर गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोग कब्जा करना चाहते हैं। खेत में आलू की फसल लगाई गई है दबंग उसको भी नष्ट कराना चाहता है। मामले की शिकायत किसान नेता पुष्पराज सिंह ने तहसील दिवस में की थी लेकिन आरोप लग रहा है कि पुलिस ने शिकायत कर्ता का ही शांति भंग में चालान कर दिया है।मंगलवार को जब किसानों को विवादित जमीन में दबंगों द्वारा दवा का छिड़काव किए जाने की सूचना मिली तो सभी किसान संगठन के लोग ईओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने लगे।

बालिका को पुलिस ने किया बरामद

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल क्षेत्र की एक बालिका का अपहरण कर लिया गया था पुलिस ने मामले में मुकदमा अपराध संख्या 21 सन 2024 दर्ज कर बालिका की खोज शुरू की सराय अकिल थाना पुलिस गौरव त्रिवेदी ने पावर हाउस सराय अकिल के पास से अपहृता पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है।

बकरी चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर कोतारी से बकरी चोरी करने के आरोप में इस्तियाक अहमद पुत्र छोटे निवासी साहिदा बाद नारा कोतवाली मंझनपुर को पुलिस द्वारा चोरी के वांछित अभियुक्त को बकरी के साथ ओसा चौराहे से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया गया।

प्राण घातक हमले का आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी करारी थाना पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त फूलचंद पुत्र राम प्रसाद निवासी बल्लूपुर थाना करारी को बल्लूपुर तिराहा बट बंधुरी से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

ट्रेन टिकट कैंसिल कर रुपए वापस पाने के लिए मिलाया गूगल से नंबर

युवक हुआ फ्रॉड का शिकार गवाए एक लाख

कौशाम्बी। जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने ट्रेन का टिकट बुक किया था लेकिन किसी कारणवश उसने टिकट कैंसिल कर दिया लेकिन रुपए रिफंड नही हुआ तो उसने रुपए वापस पाने के लिए गूगल से नंबर खोजा और मिलाकर बात की लेकिन ट्रेन के टिकट का कैंसिल रुपया युवक को वापस नहीं मिल सके और वह एक लाख रुपए आनलाइन फ्रॉड का शिकार हो गया युवक ने एक लाख रुपए गंवा दिए,पीड़ित युवक ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस और साइबर थाना में की है।पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। मामला मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खेरवा चौकी नारा का है जहा के राम जी पुत्र भईया लाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने आईएक्साई जीओ एप के जरिए कानपुर से भोपाल के लिए 04.02.2024 को टिकट बुक किया था,जिसका पैसा काटने के बाद भी सरवर प्रॉब्लम के चलते टिकट को कैंसिल कर दिया गया था ,लेकिन इसके बाद भी हमारा पैसा नहीं आया जिसके बाद उसने गूगल सर्च करके एक नंबर पर फोन किया,जहां पर 2 सेकेण्ड जाने के बाद फोन कट गया और फिर इसके दो नंबरों से 7024791841 व 7895789904 से फोन आया कि आप इस ऐप को डाउनलोड करके वहां से आप रिक्वेस्ट करिए, आपका पैसा तत्काल वापस आ जाएगा,जब पीड़ित युवक ने ऐप को डाउनलोड कर उसमें प्रक्रिया शुरू किया तो उसका रुपया चार बार मे कट गया। आनलाइन फ्रॉड करने वाले शातिर ने पीड़ित के एकाउंट से चार बार में 99 हजार रुपए निकाल लिए ,सबसे पहले 93,406/-रुपए कटा, जिसका वळफ 403738024806(2)-999/-रूपयाजिसका वळफ-440306502739(3)-2998/-रुपया जिसका वळफ-440373520774(4)-1499/-रूपया जिसका वळफ-440322785659 है अपने साथ धोखा होने की आशंका जैसे ही पीड़ित को हुई तो उसने तत्काल पुलिस को लिखित तहरीर दिया। ताकि मामले में जांच कर कार्रवाई करते हुए उसका धन वापस कराए जाने की प्रक्रिया पुलिस कर सके।

न्यूज झरोखा

नगर पंचायत चरवा में क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में मरियाडीह की टीम ने मारी बाजी

कौशाम्बी। तहसील चायल के नगर पंचायत चरवा में हर वर्ष आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में इस वर्ष के फाइनल मुकाबला मरियाडिह गांव और यूपीपीसीएल चरवा के बीच खेला गया । इसमें मरियाडीह की टीम ने मुकाबला 3 रन से जीत लिया। इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मरियाडीह टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 9 विकेट खो कर 122 रन का लक्ष्य विपक्षी यूपीपीसीएल चरवा की टीम को दिया जिन्हे जीत के लिए 123 रन बनाना था मगर यूपीपीसीएल चरवा के बल्लेबाजों ने दर्शकों को निराश किया और 3 रन से मुकबला हार गई। जिस मैच के मैन ऑफ द मैच मरियाडीह टीम के वकार को दिया गया और पूरे क्रिकेट टूनार्मेंट में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द टूनार्मेंट यूपीपीसीएल चरवा टीम के कैप्टन शनि यादव को दिया गया। नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष जगनारायण के देख रेख में यह क्रिकेट टूनार्मेंट आयोजित किया। अध्यक्ष जगनारायण और अधिशाषी अधिकारी सुभाष चन्द्र इस क्रिकेट टूनार्मेंट में शुरू से ही मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते रहे। मुख्य अतिथि के रूप में मैच के दौरान अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोड, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू निहाल कुमार उर्फ बच्चा पासी और सुशील जय हिन्द मौजूद रहे और खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। विजेता टीम के कैप्टन शनावज को 40 हजार का चेक और ट्रॉफी और उप विजेता टीम के कैप्टन शनि यादव को 20 हजार चेक और सेकंड ट्रॉफी दी गई । इस मौके पर हजारों की संख्या में पहुंचकर दर्शकों ने मैच का आनंद उठाया।

जन शिक्षण संस्थान द्वारा पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण का द्वितीय बैच दिनांक 5 फरवरी 2024 से है प्रारंभ

कौशाम्बी जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण का द्वितीय बैच का द्वितीय दिन 06 फरवरी को प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत चर्चा किया तथा बैंक से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षिका श्रीमती रेखा देवी स्वाती मिश्रा सुनीता देवी ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जैसे सिलाई मशीन के पुर्जे के बारे में प्रतिभागियों के परिचय के बारे में कपड़ा काटने का तरीका आदि कार्यक्रम के बारे में सभी प्रतिभागियों को बताया इस कार्यक्रम में संस्थान के लिए कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला सतीश श्रद्धा तिवारी एवं 37 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं

एसडीएम तहसीलदार को गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश

कौशाम्बी जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारो को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित स्थायी/अस्थायी गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर विस्तृत आख्या यथा- गोसंरक्षण स्थलों पर पर्याप्त चारा, भूसा, पानी एवं स्वच्छता की व्यवस्था, केयर टेकर की उपलब्धता व अस्वस्थ गोवंशों के नियमित चिकित्सीय परीक्षण व इलाज की समुचित व्यवस्था है अथवा नहीं तथा गो-आश्रय स्थल पर उपलब्ध गोवंश की प्रतिदिन गणना सम्बन्धी रजिस्टर में प्रविष्टि आदि शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दियें हैं। इसके साथ ही उन्होंने निरीक्षण में पायी गयी कमियों के त्वरित निस्तारण के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आख्या प्रेषित कर उन्हें भी उपलब्ध कराने के निर्देश दियें हैं।

वाहन की टक्कर से राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल, ग्रामीण लेकर पहुंचे पशु अस्पताल,चिकित्सक ने किया इलाज

कौशाम्बी जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के चक चमरूपुर में राष्ट्रीय पक्षी मोर किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गया,घायल मोर सड़क के किनारे पड़ा हुआ तड़प रहा था,ग्रामीणों ने देखा तो घायल मोर को लेकर पशु अस्पताल भरवारी आ गए। पशु अस्पताल भरवारी में डाक्टर प्रदीप सिंह के निर्देश पर कर्मचारी ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का इलाज किया और ग्रामीणों सौप दिया।ग्रामीण मोर को लेकर आए और गांव में छोड़ दिया।

पूर्व प्रधान की मां का इंतकाल

करारी कौशाम्बी करारी थाना क्षेत्र के बरई बंधवा गांव के समाजवादी पार्टी नेता पूर्व प्रधान खलीक अहमद उर्फ निक्के की मां का इंतकाल हो गया है दिनाक 7/02/2024 दिन बुधवार को गांव बरई बंधवा में जोहर बाद 1:30 बजे उनकी मिट्टी होगी पूर्व प्रधान की मां के इंतकाल की जैसे ही जानकारी लोगों को मिली है शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का उनके आवास पर मजमा लग गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में बंद कमरे में मिला रेलवे कर्मचारी का शव

अझुवा कौशाम्बी। जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन पर टीआरडी विभाग में सहायक के पद पर तैनात रेलवे कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन पर दिनेश कुमार पाल उम्र 51 वर्ष पुत्र स्व.सीताराम पाल निवासी गड़रियन का पुरवा मजरा अफजल पुर सातों थाना कड़ा धाम सिराथू टीआरडी विभाग रेलवे में सहायक के पद पर कार्यरत थे बीती रात कमरे की कुंडी लगाकर वह सो गया और मंगलवार की सुबह जब देर तक बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनो ने सिराथू चौकी पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने परिजनों के सामने दरवाजा तोड़कर देखा तो बिस्तर पर वह मृत अवस्था में पड़े हुए थे, परिजनों की तहरीर पर चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं परिजनों में कोहराम मचा है लोगों के अनुसार रेलवे कर्मचारी की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

पति की मौत होते ही विधवा की जमीन पर कब्जा कर रहा है जेठ, न्याय ना मिलने पर विधवा थाने

कनैली कौशाम्बी सराय अकिल थाना क्षेत्र के धाने गांव में पति की मौत होने के बाद उसकी विधवा पत्नी की हिस्से की जमीन पर महिला का जेठ हिस्सा बंटवारा मांग रहा है जबरिया कब्जा करने का प्रयास कर रहा है मामले की शिकायत स्थानीय चौकी पुलिस से की गई है न्याय ना मिलने पर विधवा थाना पहुंची है लेकिन अभी तक उसे न्याय नहीं मिला है। सराय अकिल थाना के कनैली पुलिस चौकी अंतर्गत धाने गांव के बोधन लाल की 6 वर्ष पूर्व मौत हो गयी बोधन लाल की मौत के बाद उसकी विधवा पत्नी सुनीता देवी अपने सास ससुर के साथ रहती है सुनीता देवी के एक लड़का उम्र लगभग 12 साल का है सुनीता के ससुर रामसरन ने दोनो भाई का बंटवारा करके अलग कर दिया था जब तक सुनीता देवी का पति जिंदा था तब सब कुछ सही चल रहा था लेकिन जब से सुनीता देवी के पति की मौत हुई है उसके बाद सुनीता देवी का जेठ सुग्गी लाल जबरन अपने बेटे के लिए सुनीता देवी के घर मे हिस्सा मांग रहा है और हमेशा सुनीता देवी और उसके पुत्र को गाली गलौज देता है मारता पीटता है और जान से मारने की धमकी देता है जेठ से पीड़ित विधवा सुनीता देवी ने कनैली चौकी में तहरीर दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई उसके बाद सुनीता देवी थाना सराय अकिल में न्याय की गुहार लगा रही है लेकिन अभी तक विधवा को पुलिस न्याय नहीं दे सकी है।

कौशाम्बी के परिषदीय विद्यालयों का चौंकाने वाला गूढ़ रहस्य

मोबाइल चलाते मौके पर मिले दो अध्यापक विद्यालय में मौजूद है केवल बच्चे सात

कौशांबी परिषदीय विद्यालयों में बड़ी गूढ रहस्य की बात है कि बच्चों की संख्या न होने के बाद भी अध्यापकों की ड्यूटी लगी और अध्यापक शिक्षण कार्य नहीं कर रहे हैं बल्कि मोबाइल चलाने में मस्त रहते हैं जिससे परिषदीय विद्यालयों का शिक्षण कार्य पूरी तरह से चौपट हो चुका है लेकिन उसके बाद भी मॉनिटरिंग करने वाले खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की लापरवाही पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं चौपट शिक्षा व्यवस्था की औचक निरीक्षण कर शिक्षा अधिकारी सुधार नहीं करना चाहते हैं शिकायत करने के बाद शिकायत करने वालो से सबूत चाहते हैं जिससे दोषी अध्यापक को वह संरक्षण दे सके ताजा मामला सिराथू विकासखंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय का है। सिराथू विकासखंड क्षेत्र के गडरिया का पुरवा प्राथमिक विद्यालय में तीन अध्यापक की तैनाती शिक्षा विभाग ने की हैं बताया जाता है कि जिसमें एक अध्यापक ट्रेनिंग में गए है और जो अध्यापक मौके पर विद्यालय परिसर में मिले है वह अध्यापक फील्ड में अलग-अलग जगह पर कुर्सी में बैठकर मोबाइल चलाते हुए दिखे शिक्षण कार्य से उनका जैसे कोई लेना देना नहीं है इस विद्यालय में मात्र सात ही बच्चे दिखे वह भी बच्चों के पास बैठकर रसोईया काम कर रही है ऐसा लग रहा है कि बच्चों को रसोईया ही पढ़ा रही है अगर अब देखा जाए तो सात बच्चों में तीन अध्यापक इसका मतलब है कि सरकार का लगभग प्रति माह 2 लाख रूपए सात बच्चों के पीछे शिक्षकों के वेतन पर खर्च हो रहा है और वह भी अध्यापक फील्ड में बैठकर मोबाइल चलाते हुए वीडियो में दिखाई दे रहे हैं आखिर इन लापरवाह अध्यापकों पर बेसिक शिक्षा अधिकारी और खण्ड शिक्षा अधिकारी कब कार्रवाई करेंगे या फिर शिक्षण कार्य से दूर रहने वाले अध्यापकों को संरक्षण दिया जाता रहेगा।

धवाड़ा से जयंती का पूरा तक सड़क क्षतिग्रस्त होने से राहगीर परेशान

नेताओं और जनप्रतिनिधियों से तो ग्रामीणों का टूट गया भरोसा, सड़क में फिसलन होने के चलते आए दिन लोग गिरकर लहू लुहान हो रहे हैं

कौशांबी। धवाड़ा से जयंती का पूरा को नहर की तरफ से जाने वाला संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। इससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है राहगीर हिचकोले खाने को विवश हैं। करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़क करीब 15 साल पहले कच्ची मिट्टी डाल कर बनवाई गई थी। सड़क की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को परेशानी होती है। इससे ग्रामीण में जबरदस्त आक्रोश है लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत भी हुई जनप्रतिनिधियों से भी सड़क बनवाने की मांग की गई लेकिन नतीजा नहीं निकला। मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सड़क में फिशलन होने के चलते आए दिन लोग गिरकर लहू लुहान हो रहे हैं गांव क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द इसकी मरम्मत होनी चाहिए। मार्ग की मरम्मत के लिए कई बार मांग उठाई जा चुकी है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, मार्ग की मरम्मत न होने की वजह से गांव के करीब हजार लोगों एवं राहगीरों को दिक्कत हो रही है। बदहाल सड़क से आए दिन लोग जख्मी हो रहें हैं सबसे ज्यादा खतरा बाइक और साइकिल सवारों को रहता है। नेताओं और जनप्रतिनिधियों से तो ग्रामीणों का भरोसा टूट गया है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से पक्की सड़कें बनवाने की मांग की है।

पार्षद की शिकायत पर घटिया सड़क निर्माण की जांच करने पहुंचे जेई

कौशाम्बी नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णानगर के चकमाहपुर में फूलचंद्र के घर से गनेश प्रसाद के घर तक नगर पालिका भरवारी के ठेकेदार द्वारा सड़क बनाई जा रही है।मोहल्ले के लोगों ने खराब बन रही सड़क का विरोध किया और रामप्रकाश आदि ने पार्षद सूरज यादव के घर जा कर शिकायत किया कि 10-1 से घटिया सीमेंट बालू का प्रयोग किया जा रहा है तो पार्षद ने तत्काल जेई मनोज सिंह को फोन के माध्यम से लोगो की समस्या को अवगत कराया जेई मनोज सिंह कुछ देर बाद मौके पर पहुंच कर बन रही सीसी सड़क की जांच किया तो सड़क में घटिया बालू व लोकल केजीएस सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा था मौके पर अनियमित पाई गई सड़क बना रहे ठेकेदार को मना किया और कहा कि आप सीसी सड़क में मोरंग बालू डालिए और नान ट्रेड ओपीसी सीमेंट लगाइए जो मानक में है वही बनाए यह कहकर जेई मनोज सिंह वहा से चले गए जेई के जाने के पश्चात ठेकेदार जबरन गुंडई के बल पर सड़क बनाने लगा जब फिर मोहल्ले वालों ने विरोध किया तो ठेकेदार ने कहा मैं इसी तरह काम करूंगा जहा शिकायत करना है जा कर करो सब कमीशन लेते है पार्षद सूरज को जब इस बात की जानकरी हुई तो जिलाधिकारी कौशांबी के सीयूजी नंबर पर तत्काल जानकारी दिया। पुनः सूरज यादव ने जेई मनोज सिंह से फोन पर बात किया तो जेई ने कहा की मेरे मना करने के बाद भी सड़क निर्माण क्यों कर रहा है मैं अभी एक लेटर ठेकेदार के खिलाफ लिख कर नगरपालिका को दे रहा हू।

संपादक की कलम से

भाजपा में कपूर्री बनाम आडवाणी का द्वंद्व

गणतंत्र दिवस के दो दिन पूर्व पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को देश का सर्वोच्च अलंकरण 'भारत रत्न' (मरणोपरान्त) प्रदान करने के पखवाड़े के भीतर ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी इसी पुरस्कार से नवाजा जाना जहां एक ओर भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा पुरस्कार के राजनैतिक दुरुपयोग की ओर इशारा करता है, वहीं पार्टी व सरकार की वैचारिक विसंगति की भी पोल खोलता है। दो विपरीत ध्रुवों पर खड़े व्यक्तियों को बहुत थोड़े अंतराल में पुरस्कृत करना बताता है कि भाजपा तेजी से खोती अपनी जमीन को पाने के लिये ऐसी बदहवास है कि उसे सूझ नहीं रहा है कि वह कहां जाये। कह सकते हैं कि दो भारत रत्नों के बीच भाजपा फंसी हुई है और बाहर निकलने के लिये वह जिस प्रकार से हाथ-पैर मार रही है, उससे उसकी स्थिति न केवल हास्यास्पद हो रही है बल्कि उसका वैचारिक खोखलापन भी उजागर हो रहा है।

इन दो लोगों को अलंकरण दिये जाने के पीछे अपनी वजहें और उद्देश्य हैं। कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने पर चर्चा करें तो साफ है कि हाल के दिनों में भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय का जो विमर्श बड़ी जगह बना रहा है, उससे भाजपा का चिंतित होना लाजिमी है। सामाजिक न्याय में समतामूलक समाज की अवधारणा अंतर्गुम्फित है जिसके जरिये संसाधनों एवं अवसरों में सभी वर्गों व समुदायों की न केवल समान भागीदारी की कल्पना है बल्कि अनुपात के अनुसार यह होनी जरूरी बताई गई है। कपूर्री ठाकुर उन लोगों में से हैं जिन्होंने काफी पहले इसके पक्ष में आवाज उठाई थी। पहली बार दिसम्बर 1970 से जून 1971 तक एवं दूसरी बार जून 1977 से अप्रैल, 1979 तक बिहार के सीएम रहने के दौरान उन्होंने पिछड़ों एवं अति पिछड़ों को उनका वाजिब हक दिलाया था। उनका लोकप्रिय नारा था- 'सौ में नब्बे शोषित हैं, शोषितों ने ललकारा है। धन, धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है।।' उनके काम की शैली इस प्रकार थी कि उनके द्वारा वंचितों को उनका हक देने के बावजूद बिहार में सामाजिक वैमनस्यता पनप नहीं पाई थी और अन्य वर्गों ने भी इस व्यवस्था की आवश्यकता को स्वीकार किया था।

इसके विपरीत भाजपा के सपनों का ऐसा समाज है जिसमें सभी शक्तियों के केन्द्रीयकरण की बात कही जाती है- सारी राजनैतिक ताकत उसके हाथों में हो, सभी कारोबार चंद लोगों के द्वारा संचालित किये जायें एवं सामाजिक आधिपत्य समाज के उच्च वर्गों का ही हो। निचले तबकों का न तो सशक्त राजनैतिक प्रतिनिधित्व हो, न ही वे आर्थिक रूप से सम्पन्न हों और जहां तक उनकी सामाजिक स्थिति की बात है तो वे दोयम दर्जे के समझे जायें। यह मनुवादी सामाजिक व्यवस्था है जिसमें भाजपा एवं उसकी मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को विश्वास है। वह तो भारतीय संविधान को खारिज कर मनुस्मृति को लागू करना चाहती है। इसी दिशा में उसके बढ़ने के प्रयास हैं। सवाल यह है कि ऐसी विचारधारा के चलते आखिर क्योंकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले कपूर्री ठाकुर एवं अब आडवाणी को भारत रत्न देना पड़ा। अगर कोई यह सोचता है कि उन्होंने ऐसा इन दोनों के प्रति सम्मानस्वरूप किया है, तो उसे इस गलतफहमी को निकाल देना चाहिये। कपूर्री को दिया पुरस्कार इस पार्श्वभूमि पर है कि पिछले कुछ समय से राहुल गांधी बड़े जोर-शोर से जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं और इस बात की वकालत कर रहे हैं कि देश में जिस वर्ग की जितनी आबादी है उसे सत्ता व नौकरियों में उतनी भागीदारी मिलनी चाहिये।

कोरोना के चलते 2021 में देश में जनगणना नहीं हो पाई थी और केन्द्र सरकार इसे कराने का इरादा भी नहीं रखती क्योंकि इसके कारण वस्तुस्थिति सामने आ जायेगी। राहुल बता रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा जनसंख्या पिछड़े व अति पिछड़ों की है। तत्पश्चात दलित (एससी) व आदिवासियों की है। इसी अनुपात में लोगों की भागीदारी होनी चाहिये। वे बतलाते रहे हैं कि सचिव स्तर के 90 अधिकारियों में केवल 3 ही ओबीसी हैं और देश के सिर्फ 5 प्रतिशत बजट पर ही उनका नियंत्रण है। राहुल गांधी की फिलहाल जारी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इसलिये लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है क्योंकि लोगों को इसका महत्व अब समझ में आ रहा है। जब कपूर्री को इस पुरस्कार का ऐलान हुआ तब राहुल की यात्रा बिहार प्रवेश करने के नजदीक थी तथा वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पाला बदलवाने की तैयारी भाजपा कर चुकी थी।

नीतीश संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया से तो छिटके परन्तु वे सामाजिक न्याय के चेहरे न रहें तथा राहुल के हाथ से भी वह मुद्दा छिन जाये- इन्हीं उद्देश्यों से पहला भारत रत्न दिया गया था। यह अलग बात है कि नीतीश को तो भाजपा ने निशस्त्र कर दिया परन्तु अब उसके (सामाजिक न्याय के) एकमात्र झंडाबरदार राहुल बन गये हैं।

वृद्ध माता-पिता परिवार की बड़ी संपत्ति

मां शब्द बड़ा ही वृहद और विराट है। पूरी सृष्टि इसमें समाहित होती है। मां ,धरती, जननी, धरा ,माते इतना पवित्र शब्द है कि संताने उनका ऋण कभी नहीं चुका सकती हैं । यूरोप और पश्चिम देश इतने अभागे हैं कि वे अपने माता और पिता को वृद्धा आश्रम में छोड़ आते हैं या उन्हें छोड़कर स्वयं संताने दूर चली जाती हैं। स्विजरलैंड जैसे खूबसूरत देश में बुजुर्ग दंपत्ति इच्छा मृत्यु लेकर अपना अंतिम समय व्यतीत करते हैं, पर भारत सांस्कृतिक संस्कारी रूप से समृद्ध है तथा मां-बाप संतानों के पास रहते हैं। कुछ प्रतिशत छोड़ दिया जाए महानगरों में संताने मां और पिता को वृद्ध आश्रम में रखने का उपक्रम करने लगे हैं। पाश्चात्य सभ्यता की यह अंधी नकल बुजुर्ग दंपतियों के लिए बड़ी ही मार्मिक और हृदय विदारक होती है। वृद्ध दंपतियों का अनुभव परिवार के विकास समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह विडंबना है मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगन सहनशीलताऔर परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि ईस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।

वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं।

राजनीतिक यात्राओं के निहितार्थ

अरविंद जयतिलक

भारत राष्ट्र निर्माण में राजनीतिक यात्राओं की प्रभावी भूमिका रही है। राजनीतिक यात्राओं के जरिए ही जनमत निर्माण के भावात्मक पक्ष से राष्ट्र के संस्कार को अभिसिंचित किया गया। बात चाहे आजादी से पूर्व राजनीतिक यात्राओं के जरिए आजादी की लड़ाई को धार देने की रही हो अथवा संकल्पों और उद्देश्यों को आयाम देकर आजादी के लक्ष्य को हासिल करने की, राजनीतिक यात्राएं सदैव ही जनमत की कसौटी पर कसी जाती रही हैं। एक खुली सच्चाई यह भी है कि राजनीतिक यात्राएं न सिर्फ जनमत निमार्ण का मंत्र सिद्धि बनी बल्कि सत्ता संधान का सोपान भी बनी। देश एक बार फिर ऐसी ही दो राजनीतिक यात्राओं के समक्ष गवाह बनकर खड़ा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से 20 मार्च तक ह्यमणिपुर टू मुंबईह्ल भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी अपनी संकल्प यात्राओं के जरिए देश को मथ रही है। सैद्धांतिक तौर पर राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं, देश के युवाओं, महिलाओं और हाशिए के लोगों से संवाद स्थापित करना है। उनके विचारों को जानना-सुनना, समझना और परखना है। किंतु व्यवहारिक दृष्टि से देखें तो इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मकसद देश के 15 राज्यों के 110 जिलों को कवर कर अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति करना है। ये वहीं राज्य और इलाके हैं जहां 2014 और 2019 के आमचुनाव में कांग्रेस पार्टी को करारी शिकस्त मिली थी। चुंकि 2024 के आमचुनाव में अब कुछ महीने ही शेष रह गए हैं ऐसे में राहुल गांधी और उनकी पार्टी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए जनता के बीच अपनी स्वीकार्यता-ग्राह्यता को धार देकर अपनी खोई हुई सियासी जमीन को उर्वर बनाना चाहती है। जबकि एक राजनीतिक दल की यात्रा का मकसद देश में जनजागृति के जरिए देश की एकता-अखंडता को मजबूत बनाना शीर्ष प्राथमिकता में होनी चाहिए।

राजनीतिक यात्राओं का तब तक कोई मूल्य-महत्व नहीं जब तक कि उसका विजन राष्ट्रनिर्माण के अनुकूल न हो। वह यात्रा तब तक प्रासंगिक नहीं जब तक कि उसमें सर्जनात्मकता और समर्पणता का भाव निहित न हो। राजनीतिक यात्राओं की प्रासंगिकता तभी स्वीकार्य-ग्राह्य होती है जब उसमें जनसरोकारी भाव के बीज निहित होते है। अन्यथा ऐसी राजनीतिक यात्राएं संकीर्णताओं के खोल में सिमटकर रह जाती है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के भाव भी कुछ इसी तरह के उद्देश्यों से प्रेरित जान पड़ते हैं। उनकी पिछली भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ऐसे ही दृश्य-परिदृश्य देखने को मिले जिससे साफ ध्वनित हुआ था कि वे और उनकी पार्टी सरकार के खिलाफ नकारात्मक वातावरण निर्मित कर जनमानस को दिग्भ्रमित करना चाहते हैं। यही नहीं जिस तरह उनकी पार्टी और सहयोगी-समर्थक दलों ने संसद के शीतकालीन सत्र को बाधित कर संसदीय कामकाज में बाधा पहुंचाने की कोशिश की उससे साफ है कि भारत जोड़ा न्याय यात्रा का उद्देश्य भी सरकार के खिलाफ अनावश्यक वितंडा खड़ा कर देश को भ्रमित करना है। बेशक एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष को अधिकार है कि वह धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह और राजनीतिक यात्राओं के जरिए सरकार की कमियों को उजागर करे और जनता को सचेत करे। जनकल्याण से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाकर सरकार का ध्यान आकर्षित करे। लेकिन इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि अनावश्यक और झूठे आरोपों-प्रलापों के जरिए संसदीय गरिमा और लोकतंत्र के भाव को धूल-धुसरित कर अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति करे। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी राहुल गांधी सरकार पर झूठे आरोप लगाकर लोकतंत्र विरोधी भावनाओं को प्रचारित-प्रसारित करते देखे गए थे। वे उन मुद्दों को उठाते नजर आए जिनका जनसरोकार से कुछ भी वास्ता नहीं था। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। यह देश के साथ छल है। इस बात की प्रबल आशंका है कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भी कुछ इसी तरह का प्रलाप करते नजर आएंगे। चूंकि उनकी यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर के इंफाल से शुरू हो रही है उससे साफ है कि उनका मकसद गत वर्ष मणिपुर में हुई हिंसा की आग को हवा देकर सियासी माइलेज बढ़ाना है। सवाल लाजिमी है कि एक राजनीतिक दल जिसका उत्तरदायित्व समाज में समरसता घोलना होना चाहिए भला वह अपनी राजनीतिक यात्राओं के जरिए नफरत की चिंगारी को हवा देकर क्या सिद्ध करना चाहता है? भला देश की जनता ऐसी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राष्ट्रहित के अनुकूल कैसे मान सकती है? कोई भी न्याय उचित-अनुचित के नीर-क्षीर विवेक से परिलक्षित होती है। विशेष रुप से तब और जब वह राष्ट्र के जीवन से जड़ा हो। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्र को गढ़ने-बुनने की जिम्मेदारी सत्ता और विपक्ष दोनों की होती है। समझना होगा कि राजनीतिक यात्राएं और जनसंवाद लोकतंत्र के बुनियादी आधार बिंदू हैं। चूंकि कांग्रेस पार्टी मुख्य विपक्षी दल है और सात दशक तक सत्ता का भोग लगा चुकी है, ऐसे में उसका उत्तरदायित्व और भी अधिक व्यापक होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि वह अपने दीर्घ शासन काल में न्याय को फलीभूत क्यों नहीं किया? देश को धर्म-जाति और संप्रदायों में क्यों बांटा? गरीबी, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, परिवारवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के मसले पर सियासत क्यों की? न्याय क्यों नहीं किया? ढ़ेरों ऐसे सवाल है जिसका उत्तर कांग्रेस पार्टी और उसके शीर्ष नियंताओं को देना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी इन सवालों से बच निकलना चाहती है। सवाल लाजिमी है कि फिर वे किस मुंह से भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए देश को जोड़ने की बात कर रहे हैं? आखिर देश का जनमानस उन पर अथवा उनकी पार्टी पर भरोसा क्यों करे? दूसरी यात्रा भारतीय जनता पार्टी की संकल्प यात्रा है जिसके जरिए उसके कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरुक कर रहे हैं। इसे सुविधा प्रदान और प्रशिक्षित करने की मुहिम के तौर पर चला रहे हैं। भाजपा के शीर्ष नेता और कार्यकर्ता लाभार्थियों की सुविधा के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं मसलन पीएम बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम उज्जवला योजना, जनधन योजना, पीएम गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन इत्यादि से संबंधित जानकारी देने के लिए शिविर आयोजित कर रहे हैं। उनका मकसद संकल्प यात्रा के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं को हासिल करने के लिए लाभार्थियों को प्रेरित और प्रशिक्षित करना है। यह एक सराहनीय पहल है। ऐसा इसलिए कि भारत गांवों का देश है। देश के अधिकांश लोग किसान और मजदूर हैं। कम पढ़े-लिखे हैं। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए दूसरे पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन अगर उन्हें जागरुक और प्रशिक्षित किया जाए तो उनमें आत्मविश्वास पैदा होगा और वे अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होंगे। सरकारी योजनाओं का आसानी से लाभ उठाएंगे। उदाहरण के लिए सरकार की मिशन इंद्रधनुष योजना को समझने के लिए ग्रामीण महिलाओं को जागरुक किया जाना बेहद आवश्यक है। यह योजना उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी है। अगर भारतीय जनता पार्टी संकल्प यात्रा के जरिए देश की करोड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें सशक्त कर रही है तो यह प्रशंसनीय पहल है। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। फिलहाल इन दोनों यात्राओं पर देश की गहरी और कड़ी नजर है। देश इन दोनों यात्राओं को राष्ट्र निर्माण की कसौटी पर परखेगा और मूल्यांकन करेगा। फिलहाल जो नजर आ रहा है उससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी और उसके शीर्ष नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मकसद जनता को जागरुक और लोकतंत्र को मजबूत करना नहीं बल्कि सरकार के खिलाफ माहौल निर्मित कर सत्ता तक पहुंचना है। जबकि भारतीय जनता पार्टी अपनी संकल्प यात्रा के जरिए जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं से कनेक्ट करती साफ दिख रही है।

यूसीसी पर उत्तराखण्ड की बड़ी एवं सार्थक पहल

-: ललित गर्ग:-

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी है, इसी चार दिनों के विशेष सत्र में इसे आसानी से पारित भी कर दिया जायेगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। इससे पहले गोवा में यह लागू है। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए।

समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी।

भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे - हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, उत्तराखण्ड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी।

आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्र, अमेरिका, आयरलैंड, आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एकसमान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है।

देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाए तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आए, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गए। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। मुस्लिम पर्सनल लॉ में अनेक विसंगतियां हैं, जैसे शादीशुदा मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को महज तीन बार तलाक कहकर तलाक दे सकता था। इसके दुरुपयोग के चलते सरकार ने इसके खिलाफ कानून बनाकर जुलाई 2019 में इसे खत्म कर दिया है। तीन तलाक बिल पास होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सदियों से तीन तलाक की कुप्रथा से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला है। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि पर्सनल लॉ में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए। तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद में बिल पास कराया था। इस कानून के समर्थकों का मानना है कि अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे।

भारत तेजी से बढ़ती कौशल विशेषज्ञता से बेरोजगारी का नामोनिशान मिटा देनें में जुटा

– एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर आज दुनियां कोविड महामारी से लेकर वर्तमान हमास-इसराइल के बीच भयंकर युद्ध तक की चुनौतियों से घिरा हुआ है, जिसमें आर्थिक चुनौतियां, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक अविश्वास, बढ़ती गुटबाजी, विस्तारवाद,आतंकवाद से लेकर संवेदनशीलता तक की चुनौतियों से निपटने में अधिक वक्त निकलता जा रहा है जो समय के साथ-साथ अपनी जटिलताओं से जकड़ते जा रहा है, कहीं अपना वीटो पावर तो कहीं विस्तारवाद कहीं आतंकवाद तो कहीं ज्वेलेसी की विशालता घर करते जा रही है। ऐसी सब चुनौतियों से घिरी दुनिया में अगर हम भारत को देखें तो उसकी आवाज बुलंद होती जा रही है, जिसका अंदेशा इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग सारे पश्चिमी देशों का सकारात्मक संज्ञान लेकर भारत की ओर रुझान, भारत की ओर होते जा रहा है, तो वहीं रुस उसके अनेक समर्थन वाले देश भी भारत को पसंद करते हैं जिसका मूल कारण यह है कि भारत स्पेस प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक परिवहन स्वास्थ्य शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विदेश नीति सटीक है। चूंकि बात शिक्षा पर निकली है तो देश भर के सभी कौशल विकास संस्थाओं ने संयुक्त दीक्षांत समारोह का आयोजन नई दिल्ली में किया था जो सराहनीय कार्य था। इस सामूहिक प्रयास से चार चांद और लग गए जब माननीय पीएम ने इस दीक्षांत समारोह को वर्चुअल संबोधित किया, कौशलता विकास पूरा कर उसकी डिग्री लेने वाले छात्रों के प्रोत्साहन का ठिकाना नहीं रहा जो खुशी जोश जज्बे से लबालब होकर झूम उठे। चूंकि कौशलता विकास को प्राप्त करने मजबूत युवा शक्ति आगे आ रही है, जिससे देश केसंसाधनों से न्याय होता है। देश रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला बन रहा है, इसलिए उद्योग अनुसंधान और कौशल विकास संस्थाओं के लिए वर्तमान समय के अनुसार सामंजस्य स्थापित करना महत्वपूर्ण है। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलबध्य जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कौशलता विकास युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने के दूरगामी परिणामों से भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बननें वाला देश शीघ्र बनेगा।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा संयुक्त कौशलता विकास दीक्षांत समारोह को संबोधन करने की करें तो उन्होंने कहा भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकी या किसी अन्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है। रोजमर्रा के जीवन में विश्वकमाओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख किया जो विश्वकमाओं को अपने पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीक और उपकरणों के साथ जोड़ने में सक्षम बनाता है। स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने नौकरियों की तेजी से बदलती मांगों और प्रकृति पर ध्यान दिया तथा तदनुसार कौशल को उन्नत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसलिए उद्योग, अनुसंधान और कौशल विकास संस्थानों के लिए वर्तमान समय के अनुरूप सामंजस्य होना बहुत महत्वपूर्ण है। कौशल पर बेहतर ध्यान देने का जिक्र करते हुए, पिछले वर्षों में देश में लगभग 5 हजार नए आईटीआई स्थापित किए गए हैं, जिसमें 4 लाख से अधिक नई आईटीआई सीटें शामिल हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के साथ कुशल और उच्चगुणवत्ता वाले प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थानों को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नत किया जा रहा है।भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, अन्य सेवा तक सीमित नहीं है। पीएम ने कहा क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है।

पालिका में आई समस्याओं का नरेन्द्र ने किया समाधान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पालिका परिषद कर्वी में नगरीय समाधान दिवस में अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने नगरवासियों की समस्यायें सुनी। समस्याओं के निदान को निर्देश दिये।

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता व ईओ लालजी यादव की मौजूदगी में अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में कर्वी नगर पालिका में ही नगरीय समाधान दिवस हो रहा है। नगरवासियों की पानी, बिजली, सड़क, प्रकाश, पीएम आवास आदि समस्यायें लेकर लोग आते हैं। तत्काल निदान किया जाता है। अध्यक्ष ने कहा कि शासन की मंशानुसार पालिका में नगरीय समाधान दिवस करने का फैसला हुआ है। हर माह के पहले व तीसरे मंगलवार को समाधान दिवस हो रहा है। ये दिवस जनता के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। सभी को एक ही जगह समस्याओं का समाधान मिल जाता है। शासन से संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया जा रहा है। समस्यायें सुनकर विभागीय अधिकारियों से निस्तारित कराई जाती है। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा बिजली व आवास की समस्यायें आई। समाधान दिवस में मंगलवार को 25 लोगों के पीएम आवास फार्म भराये गये। प्रकाश, नाली, सफाई, सड़क, जल निकासी, विद्युतीकरण की समस्यायें निदान को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। जन समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता में है। इस मौके पर एसडीओ विद्युत अनिल कुमार, समाज कल्याण विभाग के श्यामबाबू, डीएसओ कार्यालय के जितेंद्र सिंह कुशवाहा, डूडा, जल संस्थान के जेई समेत वार्ड मेम्बर शंकर यादव, अरूण तिवारी, अनुज निगम, पवन, बद्री, विनीत पयासी, नीलम, बृजेंद्र शुक्ला, शैलेंद्र सोनी, कान्हा, शुभम केसरवानी, ओमकार यादव, राजकमल वर्मा, मो लतीफ उर्फ शहजादे, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडे, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, सुभाष गुप्ता, अशरफ खान, शहजादे, ज्ञानचंद गुप्ता, सुरेश राम, लवकुश प्रसाद, रवि, ज्ञानेंद्र कौशल, अभिषेक सिंह, सुमित गुप्ता, अंकित जायसवाल, आमिर खान, वारिस खान, गुफरान, दीपक पटेल, गौरव श्रीवास्तव, शिवकुमार मौजूद रहे।

पालिका में समस्यायें सुनते अध्यक्ष आदि।

आडिटोरियम के बचे कार्य जल्द करें पूरेः डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राजकीय निर्माण निगम के श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना से निमार्णाधीन मल्टीपरपज काम्प्लेक्स ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। ये मल्टीपरपज कांप्लेक्स आठ करोड़ 17 लाख की लागत से विभिन्न सांस्कृतिक कार्य व अन्य कार्यों को 425 लोगों के बैठने की व्यवस्था सरकार कर रही है, ताकि जिले को आडिटोरियम मिल सके।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि कुर्सियां व प्रोजेक्टर फीडिंग के बचे कार्य को जल्द पूरा करें। गेट के साथ कैटल कैचर लगायें, ताकि सुरक्षा बनी रहे। एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिये कि जल्द ट्रांसफार्मर लगवायें। कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि स्टेज की दीवार को भी रंगीन करायें। जो एंगल लगा है, आर्किटेक्ट से वार्ताकर उस पर फाइबर लगवायें। इंटरलॉकिंग कार्य सही न होने पर डीडीओ को निर्देश दें कि इंटरलॉकिंग उखड़वा कर सही करायें। गंगाजी की बालू से भरवायें। कार्यदाई संस्था को निर्देश दिये कि मिट्टी के बचे कार्य की भराई कराकर घास लगवायें। सीडीओ अमृतपाल कौर ने निर्देश दिये कि प्रतिदिन हो रहे कार्यों का चार्ट बनाकर भेजें। फील्ड का पानी बाहर निकले, उसके लिए शॉकपीट बनवायें, ताकि पानी एकत्र न हो सके। निरीक्षण में डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह व संस्था के कर्मचारी मौजूद रहे।

आडिटोरियम देखते डीएम-सीडीओ।

संयुक्त टीम ने की मेडिकल स्टोरों की जांच

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर औषधि, पुलिस विभाग व आबकारी की संयुक्त टीम ने राजापुर के सभी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। मंगलवार को संयुक्त टीम को निरीक्षण दौरान टिन्चर की जांच औषधि निरीक्षक, आबकारी निरीक्षक नीरज कुमार, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने की। एल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिन्चर को शराब में मिलाने के दुरूपयोग पर प्रभावी नियंत्रण को मेडिकल स्टोर मालिकों व विक्रेताओं को निर्देश दिए। चेताया कि बिना डॉक्टर के पर्चे के टिन्चर व एल्कोहल युक्त दवायें न बेंचे। ऐसा करते पाये जाने पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

तीन पर पुलिस ने लगाया मिनी गुंडा एक्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में भय- आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले अनिल पटेल उर्फ प्रदीप पटेल पुत्र काशी प्रसाद, भोला प्रसाद पुत्र स्व रामप्रताप व लवलेश पटेल उर्फ अरविन्द पटेल पुत्र काशी प्रसाद पटेल निवासी देहरुचमाफी के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

दो के कब्जे से 40 क्वार्टर शराब बरामद

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में दो के कब्जे से पुलिस ने 40 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। मंगलवार को मानिकपुर थाने के दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय ने सिपाही रामकेश कुशवाहा, शुभम मिश्रा के साथ लवकुश पुत्र छोटेलाल कुशवाहा निवासी गिदुरहा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने सिपाही धीरेन्द्र यादव, अजय वर्मा के साथ तीरथ पुत्र बदलू निषाद निवासी गड़वा जिला कौशाम्बी हाल मुकाम रगौली के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

किसानों की भूमि अधिग्रहण में नये सर्किल रेट देंः अनिल प्रधान

विधायक ने सीएम के समक्ष उठाये तमाम मुद्दे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा सत्र दौरान तारांकित प्रश्न के दिये जवाब के अनुपूरक क्रम में प्रदेश में तकरीबन 15 लाख टेट व सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी हैं।

जो अन्य प्रदेशों बिहार, झारखण्ड, राजस्थान की भांति उप्र में भी नई शिक्षक भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। नई प्राथमिक शिक्षक भर्ती कब तक करायेंगे। 69000 शिक्षक भर्ती में हुए घोटाले को मुख्यमंत्री के आदेश पांच जनवरी 2022 को आरक्षित वर्ग के 6800 चयनित शिक्षकों की चयन सूची बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी की थी, आज तक नियुक्ति नहीं दी गयी।

मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि छह सौ दिनों से चयनित अभ्यर्थी इको गार्डेन में धरने पर बैठे हैं। 6800 चयनितों को नियुक्ति पत्र कब दिया जायेगा।

शिक्षकों का अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण व पारस्परिक स्थानान्तरण की कब तक कार्यवाही होगी। बीते साल अगस्त 2023 में शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन हुआ था, अभी तक अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई। अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति कराकर नई शिक्षक भर्ती का विज्ञापन कब तक जारी किया जायेगा। चित्रकूट के पूर्व बीएसए के खिलाफ बीते एक वर्ष से जांच जारी है, उन पर कार्यवाही नहीं हो रही। पिछले सत्र में मंत्री ने कार्यवाही की बात कही थी, जो आज तक नहीं हुई। सदर विधायक ने उप्र 2022 में पीईटी (प्रारम्भिक पात्रता परीक्षा 2022) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ से नियुक्ति को ग्राम पंचायत कलवारा बुजुर्ग में बरेठी लिंक रोड़ धोबिन पुरवा से चेतन पुरवा लम्बाई 600 मीटर सम्पर्क मार्ग निर्माण, प्रदेश में 2022-23 में कितने लिंक कैनाल के निर्माण, रसिन बांध से बरूआ बांध में पानी पहुंचाने को प्रोजेक्ट फॉर कंस्ट्रक्शन ऑफ बाणगंगा बरूआ डैम लिंक कैनाल का गठन परियोजना की मंजूरी, कादरगंज में शंकर भोलेनाथ मंदिर से राममोहन यादव के घर तक इण्टरलाकिंग खडंजा निर्माण, मुकुन्दपुर में छात्रों को तकनीकी शिक्षा को राज्यपाल के नाम अंकित भूमि पर राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज की स्थापना, प्रदेश में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों को वेतन व अन्य सुविधायें देने को, कर्वी ब्लाक के कौंहारी व साईंपुर के बीच राजकीय महाविद्यालय की स्थापना, चिल्लीमल में राजकीय इंटर कालेज की स्थापना, ग्राम पंचायत कंधवनिया में छेदीलाल मास्टर के घर से सरजो कोरी के कुआ के पास तक नाली निर्माण, विधायक ने चित्रकूट के श्रम विभाग में 2023-24 में 5200 विभिन्न योजनाओं की पत्रावलियों में 5000 पत्रावलियों को निरस्त करने, जिसमें श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त व उपश्रमायुक्त बांदा के खिलाफ कार्यवाही करने को सरकार को अवगत कराया था। चित्रकूट के ब्लाक पहाडी में पथरामानी, नोनार, बक्टा बुजुर्ग, प्रसिद्धपुर आदि गांवों के किसानों की उपजाऊ जमीनों के अधिग्रहण में किसानों को मुआवजा पुराने सर्किल रेट की बजाय नये सर्किल रेट तय करने को मुख्यमंत्री को अवगत कराया है।

विधायक अनिल प्रधान।

डीएम ने औचक देखा अस्पतालः बाहर से दवायें न लिखें डॉक्टर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला अस्पताल का का औचक निरीक्षण कर जच्चा-बच्चा वार्ड में कहा कि रोस्टर अनुसार बेड सीट बदली जाये। जिलाधिकारी ने हाजिरी रजिस्टर देखकर सीएमएस को निर्देश दिये कि कर्मचारी-अधिकारी अवकाश पर जायें तो विवरण हाजिरी रजिस्टर में दर्ज की जाये। रजिस्टर को दुरुस्त रखें।

मंगलवार को जिलाधिकारी अचानक जिला अस्पताल पहुंच गये। उन्होंने उपकरणों को देखकर सीएमएस को निर्देश दिये कि संबंधित चिकित्साधिकारी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। सीएमएस से कहा कि सभी चिकित्साधिकारी मरीज को निजी क्लीनिक पर न बुलायें। बाहर की दवा भी न लिखें। औषधि कक्ष को देखकर कहा कि जो भी दवाये हैं, उन्हें चेक करें। कोई भी दवा एक्सपायरी न रहे। सभी डॉक्टर यूनिफॉर्म में मौजूद रहें। अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी रिपोर्ट को मरीजों को अनावश्यक परेशान न करें, समय से रिपोर्ट दें। ब्लड बैंक देखकर सीएमएस को निर्देश दिये कि ब्लड डोनेट का कैंप लगायें। एनसीआर, पीएनसी, पुरुष वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, पैथोलॉजी कक्ष, दंत कक्ष भी देखा।

डीएम ने निरीक्षण में मरीजों से सुविधाओं बाबत जानकारी ली। सीएमएस से कहा कि जिला अस्पताल में साफ-सफाई चैकस रहे। निरीक्षण में सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस डॉ वंदना समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अस्पताल का निरीक्षण करते डॉक्टर।

एक होटल में सिपाही ने फांसी लगाकर दी जान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय के एक होटल में एक सिपाही ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय व कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय ने पहुंचकर पडताल की है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। सिपाही के आत्महत्या की घटना की जानकारी मंगलवार को दोपहर में हुई। बताया गया कि जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड स्थित गणेश गेस्ट हाउस में सिपाही वीरेन्द्र यादव रहता था। उसने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक सिपाही के तीन बेटी व एक बेटा चार साल का है। मृतक सिपाही 22 माह तक कोतवाली कर्वी में तैनात रहा है। बताते हैं कि किसी परेशानी के चलते उसने आत्महत्या की है। मृतक की पत्नी सोनी यादव का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी ने अधिकारियों पर प्रताडना से क्षुब्ध होकर सिपाही के फांसी लगाने का आरोप लगाया है। सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कहा कि हर पहलू से जांच जारी है। सिपाही के कमरे का निरीक्षण डाग स्क्वायड व फिंगर प्रिंट टीम से कराया है।

गांजा समेत एक दबोचा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की टीम ने सत्येन्द्र सिंह पुत्र भोलानाथ निवासी जगजीत सिंह पुरवा लौरी के कब्जे से एक किलो 350 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही शिवपूजन यादव व अभिषेक यादव शामिल रहे।

सामंतवादी व्यवस्था शिवफूल ने की थी खत्मः दद्दू प्रसाद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पाठा क्षेत्र के बहादुर व लोकप्रिय नेता शिवफूल सिंह के अंतिम संस्कार में पैतृक गांव तालातीर में मुखाग्नि बड़े बेटे हेमराज सिंह ने दी। अंतिम संस्कार में जनसैलाब उमड़ा। चित्रकूट, बांदा, सतना से हजारों लोग अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि पाठा क्षेत्र ने जमीनी किसान नेता खो दिया है।

मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने कहा कि शिवफूल सिंह ने बहादुरी से सामंतवादी व्यवस्था का सामना किया। अपनी पहचान बनाई। उनका हमेशा उन पर आशीर्वाद रहा है। हर समय सहयोग देते रहे हैं। लोकसभा कार्यवाही चलने से सांसद आरके सिंह पटेल ने प्रतिनिधि बतौर शक्ति प्रताप सिंह को भेजा। सपा के पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि शिवफूल सिंह को नहीं भुलाया जा सकता। पाठा क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य सुश्री मीरा भारती ने कहा कि पाठा क्षेत्र में दशकों से हुए जोर-जुल्म के खिलाफ शिवफूल सिंह ने आवाज उठाई। अंतिम संस्कार में मडैयन प्रधान राधेश्याम सिंह पटेल, ददरी प्रधान अतुल कुमार सिंह पटेल, चंद्रशेखर प्रकाश अम्बेडकर, गुलाब सिंह पटेल, देवकुमार पटेल, इंद्रपाल सिंह, समाजसेवी रोहित सिंह पटेल, मुकेश कुमार, पूर्व प्रधान नरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

अन्तिम संस्कार में मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद।

लोकसभा चुनाव में अपराधियों को करायें पाबंदः एसपी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मासिक अपराध गोष्ठी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी बाबत समीक्षा की। उन्होंने थाना-चैकी प्रभारियों को निर्देश दिये कि अवैध खनन व ढुलान में पुलिस की संलिप्तता मिलने पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

सोमवार की रात पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में मासिक अपराध गोष्ठी हुई। गोष्ठी में सैनिक सम्मेलन कर अधिकारी/कर्मचारियों की समस्याओं बाबत उचित निस्तारण के निर्देश दिये। सम्मेलन में मौजूद संयुक्त निदेशक अभियोजन/डीजीसी क्रिमिनल से न्यायालय में लम्बित मुकदमों के जल्द निस्तारण बाबत चर्चा की। सभी शाखा प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन कर निर्देश देकर मौजूद थाना/चैकी प्रभारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारी बाबत समीक्षा कर निर्देश दिये।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को चेताया कि अवैध खनन व ढुलान में पुलिस की संलिप्तता मिलने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। पुराने लम्बित मुकदमों समेत 2024 में दर्ज मुकदमों की विवेचना कर जल्द निस्तारण करें। थाना/चैकियों में जहां मरम्मत की जरूरत है। कराये जाने वाले कार्यों का स्टीमेट बनाकर धनराशि प्राप्त कर जल्द कार्य पूरे कराये जायें। बंदशुदा हिस्ट्रीशीट में मृतक हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कर खाका नष्ट कराने के निर्देश दिये। पेशेवर व शातिर अपराधियों को चिन्हित कर चुनाव के मद्देनजर गुंडा एक्ट व गैंगेस्टर के तहत कार्यवाही कर जिला बदर कराने के निर्देश दिये। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव में शांतिभंग करने वाले सम्भावित लोगों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही कर भारी धनराशि से पाबंद कराने के निर्देश दिये।

गोष्ठी में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्र, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ मऊ जयकरन सिंह, सीओ यातायात/कार्यालय राजकमल, वाचक एसपी परितोष दीक्षित, प्रभारी चुनाव सेल प्रदीप कुमार यादव, प्रभारी सोशल मीडिया/साइबर सेल विजय सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण समेत थाना-चैकी प्रभारी मौजूद रहे।

मासिक अपराध गोष्ठी में बोलते एसपी।

पुलिस ने एक वांछित दबोचा

मऊ/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा गंगाचरण ने छेडछाड व पाक्सो एक्ट के वांछित वसीम खां पुत्र बब्बू खां निवासी जाफरपुर मजरा खंडेहा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा गंगाचरण व सिपाही प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

हिन्दू राष्ट्र समर्थन यात्रा का करें स्वागतः शानू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। विश्व हिंदू महासंघ भारत की बैठक शंकर बाजार स्थित होटल में 26, 27, 28 फरवरी को आने वाली हिंदू राष्ट्र समर्थन यात्रा स्वागत तैयारी बाबत चर्चा हुई। समाजसेवी व्यापारी नेता शानू गुप्ता को महासंघ का प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने पर पदाधिकारियों ने खुशी जताई। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंह साधु, प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह गंगवार की संस्तुति से विश्व हिंदू महासंघ भारत के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर वरुण उर्फ शानू गुप्ता के मनोनयन पर बधाई दी।

मंगलवार को विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने कहा कि यूपी संगठन को शानू के आने से मजबूती मिलेगी। जिलाध्यक्ष रविसिंह बघेल ने उप्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शानू गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि पूज्य संत गुरु गोरक्ष अवैद्यनाथ जी महाराज, पूज्य महंत योगी आदित्यनाथ जी महाराज, महंत मुकेशनाथ जी महाराज व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शानू गुप्ता के आवाहन पर हिंदू राष्ट्र समर्थन यात्रा 26, 27, 28 फरवरी को बांदा से चलकर चित्रकूट होते हुए श्रृंगवेरपुर में समाप्त होगी। सभी हिंदू भाईयों को यात्रा के स्वागत सम्मान को बढ़-चढकर हिस्सा लेने की अपील की। 27 फरवरी को सवेरे नौ बजे बरहा हनुमानजी से कर्वी होते हुए राजापुर से प्रयागराज यात्रा पहुंचेगी। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शानू गुप्ता ने कहा कि समर्थन यात्रा का उद्देश्य लिखित रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित हो। अभी हमारा राष्ट्र धर्मनिरपेक्ष है।

विश्व में हिंदुओं के सबसे बड़े केंद्र भारत को जल्द ही लिखित रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित हो जाना चाहिए। इस मौके पर महिला प्रदेश उपाध्यक्ष मीता करवरिया, प्रदीप शुक्ला, जिला संयोजिका साधना सिंह, तृप्ति तिवारी, अतुल उपाध्याय, रवि गुप्ता, गोलू गर्ग, मीना गुप्ता, आयुष सिंह आदि मौजूद रहे।

हिन्दू राष्ट्र समर्थन यात्रा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

प्रभारी परिवहन शाखा उत्कृष्ट सेवा पदक से अलंकृत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने प्रभारी परिवहन शाखा उमाशंकर मिश्र को भारत सरकार से दिये गये अति उत्कृष्ट सेवा पदक से अलंकृत किया। मंगलवार को एसपी व एएसपी ने प्रभारी परिवहन शाखा के उमाशंकर मिश्र को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से अलंकृत कर मुंह मीठा कराया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पदक से अलंकृत करते एसपी-एएसपी।

परसौंजा में हो रही शासकीय धन की लूट

ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कर्वी ब्लाक के परसौंजा गांव में विकास कार्यों के नाम पर शासकीय धन की लूट जारी है। मनरेगा से कराये इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण व नाली निर्माण में खूब धांधली हुई है। मेडबंदी व समतलीकरण में जमकर शासकीय धन का बंदरबांट हुआ है। लाखों के भुगतान फर्जी ढंग से हुए हैं।

मंगलवार को कर्वी ब्लाक के परसौंजा गांव में लूट का खुलासा हुआ। बताया गया कि गांव में कायाकल्प योजना से विद्यालयों के मरम्मतीकरण व पंचायत सचिवालय के मरम्मतीकरण में शासकीय धन की लूट की गई है। हैंडपंप रीबोर, हैंडपंप मरम्मत, सामग्री व हैंडपंप मरम्मत कार्य के नाम पर फर्जी ढंग से भुगतान हुए हैं। प्रधान व सचिव की मिलीभगत से लाखों के भुगतान बिना कार्य के हुए हैं। गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों के निर्माण में लापरवाही बरती गई है। आधे-अधूरे शौचालय बने हैं, बिना शौचालयों के पूर्ण हुए कागजों में ओडीएफ घोषित कर दिये हैं, जबकि गांव में आज भी शौचालय पूर्ण नहीं हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से परसौंजा में हुए विकास कार्यों के नाम पर लूट की जांच की मांग की है।

चीन में ऑस्ट्रेलियाई लेखक को निलंबित मृत्युदंड

© Chongyi Feng/AP/picture alliance

जासूसी के आरोप में गिरफ्तार एक ऑस्ट्रेलियाई लेखक और ब्लॉगर को चीन की एक अदालत ने निलंबित मृत्युदंड की सजा सुनाई है. इस सजा को दो साल बाद आजीवन कारावास में तब्दील किए जाने की उम्मीद है.
ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने कहा है कि बीजिंग की एक अदालत ने ऑस्ट्रेलियाई लेखक और ब्लॉगर डॉ. यांग हेंगजुन को जासूसी के आरोप में निलंबित मृत्युदंड की सजा सुनाई है.
हालांकि हेंगजुन उन सभी आरोपों से इनकार करते रहे हैं जिनके तहत उन्हें दोषी ठहराया गया है. बीजिंग ने कभी इन आरोपों को सार्वजनिक भी नहीं किया है. 58 वर्षीय हेंगजुन को जनवरी 2019 में गुआंगजौ हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था और उनपर जासूसी का आरोप लगाया था.
उनके मामले की सुनवाई ज्यादातर बंद दरवाजों के पीछे हुई, जिसमें 2021 में चला एक गुप्त मुकदमा भी शामिल था.
ऑस्ट्रेलिया सरकार ने क्या कहा
ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा कि वह बीजिंग के फैसले से "स्तब्ध" है. ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने सोमवार को एक बयान में कहा, "हम उन्हें सबसे मजबूत शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएंगे."
उन्होंने कहा, "सभी ऑस्ट्रेलियाई डॉ. हेंगजुन को उनके परिवार से दोबारा मिलते हुए देखना चाहते हैं. हम इस पर अपना समर्थन देने से पीछे नहीं हटेंगे." ऑस्ट्रेलिया में एक मानवाधिकार वकील ने मामले की संवेदनशीलता के कारण नाम नहीं बताने की शर्त पर समाचार एजेंसी रॉयटर्स से इस सजा पुष्टि की.
ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने पहले भी इसी तरह की चिंता व्यक्त की थी, लेकिन चीन के विदेश मंत्रालय ने उन्हें मामले में हस्तक्षेप न करने और देश की "न्यायिक स्वतंत्रता" का सम्मान करने की चेतावनी दी थी.
डॉ. हेंगजुन के परिवार का कहना है कि हिरासत के दौरान उनसे "तीन सौ से अधिक बार पूछताछ" की गई और "छह महीने तक गंभीर यातना" दी गई.

चीन के आलोचक हैं हेंगजुन

इससे पहले बीजिंग में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत भी चीन पर डॉ. हेंगजुन को अवैध रूप से हिरासत में लेने का आरोप लगा चुके हैं. डॉ. हेंगजुन के समर्थकों का कहना है कि उन्हें राजनीतिक आधार पर प्रताड़ित किया जा रहा है.
डॉ. हेंगजुन का जन्म चीन में हुआ था और वह गिरफ्तारी से पहले न्यूयॉर्क में काम कर रहे थे. वह साल 2002 से ऑस्ट्रेलिया के नागरिक हैं. चीन के मामलों पर लिखने वाले हेंगजुन उसके कटु आलोचक रहे हैं. डॉ. हेंगजुन पहले चीन के सुरक्षा मंत्रालय के लिए काम करते थे.
इस मामले ने सुरक्षा और मानवाधिकार के मुद्दों पर चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक राजनयिक तनाव को उजागर करने का काम किया है. यह मुद्दा 2023 के अंत में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीजी की बीजिंग यात्रा के बाद से दोनों देशों के बिगड़ते रिश्तों के लिए एक झटका साबित हो सकता है.
अल्बानीजी ने चीनी राष्ट्रपति के सामने डॉ. हेंगजुन की हिरासत का मुद्दा भी उठाया था.
अक्टूबर 2023 में ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार चेंग लेई को जासूसी के आरोपों में तीन साल से अधिक हिरासत में रखने के बाद रिहा किया गया था. ऐसा माना जा रहा कि यह कदम अल्बानीजी के चीन दौरे को देखते हुए उठाया गया था.

बांग्लादेश में रोहिंग्या युवक की गोली मारकर हत्या

ढाका। बांग्लादेश में एक रोहिंग्या युवक की गोलीमार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्यारों की धरपकड़ की कोशिश शुरू कर दी है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह वारदात उखिया उप जिला क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने सोमवार रात कॉक्स बाजार के उखिया उपजिला के अंतर्गत कुटुपालोंग शिविर में रोहिंग्या युवक जलील को गोलियों से भून दिया। जलील कुटुपालोंग के एफ-12 ब्लॉक के अंतर्गत कैंप नंबर चार के मोहम्मद कमाल हुसैन का बेटा था। उखिया थाना प्रभारी (ओसी) शमीम हुसैन ने इस हत्याकांड की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कुछ अज्ञात लोग शाम करीब सात बजे युवक को घर से बुलाकर पहाड़ी पर ले गए। पहाड़ी पर उसे गोली मारकर भाग गए। ओसी ने कहा, इसके बाद स्थानीय लोग पहाड़ी पर पहुंचे। वहां से घायल युवक को रोहिंग्या शिविर के एक अस्पताल में ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इजराइल ने उत्तरी गाजा में फिर से हमले किए शुरू

जेरूसलम। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्धविराम की बढ़ती मांग के बीच इजराइल ने उत्तरी गाजा पट्टी में लड़ाई फिर से शुरू कर दी है।
सोमवार को इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि उसके सैनिक उन क्षेत्रों में लौट आए हैं, जहां वे पहले तैनात थे।
शन्हिुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में, क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल करने के इजराइल के दावे के बाद पट्टी के उत्तर में हमलों में कमी आई है, इससे उम्मीद जगी है कि विस्थापित नागरिक अपने घरों में लौट सकते हैं। एक संभावना है कि इजराइली सेना ने संकेत दिया है कि वह इस चरण मेंइसकी अनुमति नहीं देगी।
आईडीएफ के 162वें डिवीजन के कमांडर इतज़िक कोहेन ने अपडेट में कहा, "डिवीजन के तहत काम करने वाली ताकतें हमास को अपनी क्षमताओं का पुनर्निर्माण करने से रोक रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना क्षेत्र में बचे हमास के खिलाफ अभियान तेज कर रही हैं और उस पर दबाव बना रही है।"
आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े शहर खान यूनिस सहित पूरे इलाके में इजराइली बमबारी जारी रही।

अमेरिका ने शुरू की गाजा में युद्धविराम की कोशिश, ब्लिंकन पहुंचे सऊदी अरब, क्राउन प्रिंस से की चर्चा



रियाद। अमेरिका ने गाजा में युद्धविराम के नए सिरे से प्रयास तेज कर दिए हैं। इस सिलसिले में अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी जे. ब्लिंकन मध्यपूर्व की यात्रा के प्रथम चरण में कल सऊदी अरब पहुंचे। उन्होंने लगभग 123 दिन से जारी इजराइल-हमास संघर्ष को रोकने पर क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि अमेरिका गाजा में बंधकों को रिहा करने के प्रस्ताव पर सहयोगियों को एकजुट करने की कोशिश कर रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, ब्लिंकन ने क्राउन प्रिंस से मध्य पूर्व में ईरान समर्थित मिलिशिया के दखल पर भी चर्चा की। ब्लिंकन सात अक्टूबर से अब तक पांचवीं बार सऊदी अरब पहुंचे हैं। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ बैठक में "गाजा में संकट का स्थायी अंत" कैसे प्राप्त किया जाए, इसकी आवश्यकता पर चर्चा की गई। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने दोनों के बीच बातचीत का संक्षिप्त ब्योरा पत्रकारों से साझा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और सऊदी अरब की कोशिशों पर इजराइल की नजर है। इजराइल ने गाजा पट्टी में लड़ाई रोकने और वहां शेष बंधकों को रिहा करने के प्रस्ताव पर सोमवार को हमास के जवाब का इंतजार किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमास इस प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्र और कतर को हमास से सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद है।

जापान की राजधानी टोक्यो में भारी बर्फबारी, सड़क, रेल और हवाई परिवहन प्रभावित, बिजली गुल

टोक्यो। जापान की राजधानी टोक्यो और आसपास का क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर से ढक गया है। सोमवार को पूरी रात बर्फ गिरी है। कई इलाकों में मंगलवार सुबह भी भारी बर्फबारी हुई है। इस वजह से सड़क, रेल और हवाई परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। कुछ स्थानों पर बर्फ गिरने के साथ बरसात भी हुई है। जापान टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को टोक्यो के अलावा कांटो क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। शाम को जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने टोक्यो के 23 वार्डों और कांटो-कोशिन क्षेत्र में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी की थी। एजेंसी का पूवार्नुमान काफी हद तक सही रहा। मध्य टोक्यो में रात 10:20 बजे के बाद तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। मंगलवार सुबह आठ बजे तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कांटो-कोशिन क्षेत्र, टोकाई के गिफू, शिजुओका प्रांत के तोहोकू क्षेत्र के अलावा फुकुशिमा प्रांत में पहाड़ी इलाकों में और उसके आसपास भारी बर्फबारी हुई। रिपोर्ट के अनुसार, एपेन एयरलाइंस और ऑल निप्पॉन एयरवेज ने मंगलवार को मुख्य रूप से टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पर कुल 31 उड़ानें रद्द कर दीं। पूर्वी जापान रेलवे या जेआर ईस्ट ने चुओ लाइन पर कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों को निलंबित कर दिया है। मंगलवार सुबह कांटो क्षेत्र में कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। मेट्रोपॉलिटन एक्सप्रेस-वे, टोमेई एक्सप्रेस-वे, शिन-टोमेई एक्सप्रेस-वे, चुओ एक्सप्रेस-वे, कान-एत्सु एक्सप्रेस-वे और तोहोकू एक्सप्रेस-वे के कुछ खंडों को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। टोक्यो की युरीकमोम स्वचालित पारगमन लाइन पर दो ट्रेनें सोमवार रात लगभग नौ बजे शिम्बाशी और ताकेशिबा स्टेशनों के बीच फंस गईं। लगभग 550 यात्रियों को दोनों स्टेशनों के बीच शिओडोम स्टेशन तक पटरियों के किनारे चलने के लिए मजबूर होना पड़ा। टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स सेवा क्षेत्र में कुछ जगह ब्लैकआउट की सूचना है। टेपको पावर ग्रिड के अनुसार, आधी रात के ठीक बाद टोक्यो और आसपास के पांच प्रांतों में लगभग 13,000 घर बिजली कटौती से प्रभावित हुए। बर्फबारी की वजह से टोयोटा, होंडा और निसान सहित अन्य वाहन निमार्ताओं ने कुछ संयंत्रों का परिचालन पूरी तरह या आंशिक रूप से निलंबित कर दिया है। पूर्वी जापान में मंगलवार सुबह 5 बजे तक गुनमा प्रांत के माएबाशी में 11, टोक्यो के चियोडा वार्ड में नौ और सैतामा शहर में आठ सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई। टोचिगी प्रांत के योकोहामा और उत्सुनोमिया में चार और चिबा शहर में तीन सेंटीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है।

नवाज शरीफ की सरकार बनने पर विदेश मंत्री नहीं बनूंगा : बिलावल भुट्टो

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले राजनीतिक घमासान अपने चरम पर है। जहां सरकार और विपक्ष के बीच घमासान मचा हुआ है। वहीं सरकार में शामिल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ बृहस्पतिवार को होने वाला चुनाव जीतकर सत्ता में वापसी करते हैं तो वा वह विदेश मंत्री नहीं बनेंगे।
पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के 35 वर्षीय बेटे बिलावल, नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में 2022 में देश के सबसे कम उम्र के विदेश मंत्री बने थे।
एक साक्षात्कार में बिलावल ने कहा कि अगर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी आठ फरवरी के चुनावों के बाद सत्ता में आती है तो उनके लिए उससे हाथ मिलाना मुश्किल होगा।
बिलावल के हवाले से कहा गया है, अगर नवाज दोबारा सत्ता में आए तो मैं विदेश मंत्री नहीं बनूंगा, मैं उसी पुरानी राजनीति में शामिल नहीं हो सकता। अगर वह ऐसा माहौल बनाते हैं जिससे देश में लोकतंत्र को फायदा हो, तो मैं साथ खड़ा हो सकता हूं।

मोदी सरकार ने 10 साल में 70 साल की कमियों को दूर करने का काम किया : शाह

लखनऊ
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'सिक्योरिटी बियॉन्ड टुमॉरोः फोर्जिंग इंडियाज रेजिलिएंट फ्यूचर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि, ह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के नेतृत्व ने 70 साल की सभी कमियों को समाप्त करने का काम किया है।ह्न इस मौके पर शाह ने ह्यओआरएफ फॉरेन पॉलिसी सर्वेह्न को भी लॉन्च किया। मोदी जी की दूरदर्शिता और अमित शाह की अंत्योदय की राजनीति का परिणाम है कि, बीते 10 वर्षों में सालों से वंचित करोड़ों आम जनमानस को आजादी का असल सुख प्राप्त हुआ है। आज करोड़ों गरीबों को आवास, हर घर बिजली, हर घर नल से जल, शौचालय, मुफ्त गैस कनेक्शन के साथ-साथ 5 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का काम किया जा रहा है। आजादी के बाद दशकों तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण जैसे नासूर देश के विकास में रोड़ा बना हुआ था। आज अमृतकाल में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण जैसे नासूरों को न सिर्फ जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया जा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का काम भी निरंतर जारी है। बीते 10 सालों में देश में राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचारमुक्त शासन को स्थापित करने का काम बखूबी किया गया है।

पाक अधिकृत कश्मीर में छात्रों ने पाकिस्तान के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

गिलगित बाल्टिस्तान। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सोमवार को छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। जबकि इस्लामाबाद में सोमवार को कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने के आह्वान किया गया था जिसे ठुकराते हुए इन छात्रो ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन किया। पाकिस्तान में कश्मीरियों के प्रति समर्थन दिखाने के लिए कश्मीर एकजुटता दिवस मनाया जाता है।
स्थानीय लोग गुलाम जम्मू-कश्मीर और भारत के केंद्रशासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर के विकास में भारी अंतर का उदाहरण देते हैं। कश्मीर पर पाकिस्तान के धोखे को उजागर करते हुए गुलाम जम्मू-कश्मीर के निवासी इस्लामाबाद से इस मुद्दे पर दुष्प्रचार की जगह अपनी कमियों पर ध्यान देने को कह रहे हैं।
राजनीतिक कार्यकर्ता तौकीर गिलानी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव के अनुसार, पाकिस्तान यहां की जनता की आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए बाध्य है। एक तरफ पाकिस्तान पांच फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने की घोषणा करता है तो दूसरी तरफ अपने नियंत्रण में यहां के लोगों को बुनियादी अधिकार देने से भी मना कर रहा है।

बिल गेट्स को पछाड़ जुकरबर्ग बने दुनिया के चौथे सबसे अमीर इंसान

न्यूयॉर्क। मेटा प्लेटफॉर्म के सीईओ मार्क जुकरबर्ग अब दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बन गये हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मेटा के शेयर की कीमत में उछाल के बाद इस साल उनकी कुल संपत्ति किसी भी अन्य व्यक्ति से ज्यादा बढ़ी है जिससे वह इस मुकाम तक पहुँचे हैं।
जुकरबर्ग की संपत्ति 2024 में अब तक 42.4 अरब डॉलर बढ़ गई है, जिसने उन्हें ब्लूमबर्ग के बिलियनेयर इंडेक्स में चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है। मार्केटवॉच की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अब माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स को पीछे छोड़ दिया है, जो पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। जुकरबर्ग की कुल संपत्ति अब 170 अरब डॉलर है।
ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, कंपनी के 2023 प्रॉक्सी स्टेटमेंट और नियामक फाइलिंग के आधार पर, जुकरबर्ग की अधिकांश संपत्ति मेटा प्लेटफॉर्म (पूर्व में फेसबुक) में लगभग 13 प्रतिशत की हिस्सेदारी से प्राप्त हुई है।
जुकरबर्ग दुनिया के सबसे बड़े सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक के पीछे की कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।